* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 131

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

मोदी आज
झारखंड पर करेंगे
तोहफों की बारिश




सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती, झारखण्ड पर

## श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

# का हार्दिक अभिनंदन और जोहार



श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 320978 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

01 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 131

एअर इंडिया पर 30 लाख जुर्माना:80 साल के बुजुर्ग को व्हील चेयर नहीं दी, टर्मिनल जाते वक्त मौत हुई थी



## चंपाई सरकार का टाना भगतों को तोहफा
# 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने पर मुहर

- कैबिनेट से 40 प्रस्ताव हुए पारित
- राज्यकर्मियों का पोशाक भत्ता बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सरकार ने टाना भगत परिवारों को तोहफा दिया है। उन्हें 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूर कर दिया गया। कैबिनेट ने कुल 40 प्रस्तावों को पारित किया। इनमें राज्यकर्मियों के पोशाक भत्ता बढ़ाने और 166 सरकारी उच्च विद्यालयों को अपग्रेड करने समेत अन्य प्रस्ताव शामिल हैं।

**पोशाक भत्ता 2500 रुपये बढ़ा:** कैबिनेट ने राज्यकर्मियों की पोशाक राशि 2500 रुपये से 5000 रुपये बढ़ाने की मंजूरी दी। वहीं, बीमा कंपनियों से राज्य सरकार के विभिन्न सेवाओं के कर्मियों को दिये गये पांच लाख के स्वास्थ्य बीमा से अधिक के खर्चे पर सूचीबद्ध अस्पताल के अलावा अन्य अस्पताल यानी सीजीए के तहत भुगतान होगा। उधर, राज्य सरकार के वैसे कर्मी, जिनकी नियुक्ति विज्ञापन 2004 के पहले जारी हुआ था, पर उन्होंने योगदान 1.12. 2004 के बाद दिया, उन्हें नियुक्ति के पहले जो अंशदान था, अब लौटाना नहीं होगा। उन्हें पुरानी पेंशन का भी लाभ होगा।

**बच्चों को तोहफा:** तीन साल से छह साल के बच्चों को प्राइमरी शिक्षा दी जायेगी। दो पैंट या स्कर्ट लड़कियों को दिया जायेगा। किताब, क्रेयांस, पोशाक की सिलाई दी जायेगी। नेताजी आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय में खाने के खर्च को 1400 से बढ़ कर 2290 रुपये प्रति छात्र प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं, गिरिडीह जिले को 639 करोड़ रुपये सिंचाई परियोजना के लिए मंजूरी दी। राज्य के उपशास्त्री और शास्त्री स्तर के शिक्षक और कर्मियों को भविष्य निधि, पेंशन, गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड में मेगा सिंचाई योजना, हुसैनाबाद की सिंचाई योजना के लिए 12 करोड़ रुपये और रामरेखा जलाशय योजना के लिए 130 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी।



## कैबिनेट के अन्य फैसले

- केंद्रीय योजनाओं के लिए कोषागार से राशि के निकासी और सारी व्यवस्था पेपरलेस होगी
- उड़ान अनुदेशक को मिलेगा विशेष भत्ता
- वर्ल्ड ट्रेड सेंटर को अब राज्य सरकार अब अपने खर्च पर बनायेगी
- साहेबगंज की खैरबनी सड़क के लिए 40 करोड़ की मंजूरी
- झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली में संशोधन
- आंगनबाड़ी चलो अभियान को मंजूरी को 211 करोड़ की मंजूरी
- सर जेसी बोस विवि की स्थापना को मंजूरी
- प्राचार्य, इंदिरा गाँधी आवासीय विद्यालय, हजारीबाग के पद के लिए स्वीकृत वेतनमान की प्रभावी तिथि में संशोधन की मंजूरी।
- आयुष निदेशालय, खाद्य सुरक्षा आयुक्त का कार्यालय एवं चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को सचिवालय का संलग्न कार्यालय घोषित करने की मंजूरी
- डॉ0 विकास लाल, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडल अस्पताल, राजमहल, साहेबगंज को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अन्तर्गत योजना के लाभार्थियों को चिकित्सा सहायता अनुदान की प्रक्रिया के सरलीकरण की मंजूरी
- झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक, 2024 के गठन की स्वीकृति
- दुमका जिला अन्तर्गत मयूराक्षी बाँया तट नहर योजना में मरम्मति कार्य के लिए राशि स्वीकृत
- झारखंड वन सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली, 2024 को मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत एक करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर औप अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसके तहत रूफ टॉप सोलर लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को 15 हजार रुपए की सालाना आमदनी भी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को इस योजना को लांच किया था।

## हाइकोर्ट ने राज्य के अधिकारियों पर कड़ी टिप्पणी की
# लैंड माफिया की तरह काम कर रहे सरकारी अधिकारी

**सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी के नेतृत्व में एक सदस्यीय समिति बनाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरायकेला में प्रार्थी की नौ डिसमिल जमीन पर सरकार के अधिकारियों द्वारा भवन निर्माण किये जाने के मामले में दुर्गा हेंब्रम की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरायकेला-खरसावां डीसी सशरीर उपस्थित हुए। वहीं भू राजस्व, भवन निर्माण सचिव कोर्ट में ऑनलाइन उपस्थित हुए। कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि गरीब आदमी, जिसके पास सक्षम अधिकारी तक अपनी आवाज पहुंचाने का कोई तरीका नहीं है, की जमीन पर सरकार के अधिकारी कब्जा कर भवन निर्माण करा ले रहे हैं। ये सरकार के अधिकारी लैंड माफिया की तरह काम कर रहे हैं। इन अधिकारियों और माफियाओं में क्या अंतर रह गया है। कोर्ट ने दोषी अधिकारी को चिह्नित करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी के नेतृत्व में एक सदस्यीय समिति बनाने का निर्देश दिया। इस कमेटी की फीस का वहन प्रार्थी की जमीन पर कब्जा करने और उस पर भवन बनवाने वाले जिम्मेदार अफसर या सरकारी एजेंसी से वसूलने का निर्देश हाइकोर्ट ने दिया।

### तीन महीने में मुआवजा राशि का भुगतान हो

कोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार तीन माह के भीतर प्रार्थी को उक्त जमीन के बदले मुआवजा राशि का भुगतान करे। इसके अलावा जमीन पर भवन निर्माण करने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से या ऐसी गलती करने वाली सरकार की एजेंसी से पांच लाख रुपये की वसूली की जाये। यह पांच लाख की राशि प्रार्थी को दी जाये। अगर दोषी सरकारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, तो उनके सेवानिवृत्ति लाभ की राशि से उक्त राशि का भुगतान किया जाये। हाइकोर्ट ने उक्त दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

# प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी फीस और चार्ज लेने पर नकेल

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एक माह में लागू करें स्टैंडर्ड रेट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट अस्पतालों की लूट-खसोट वाली व्यवस्था से आम से खास सभी लोग परेशान हैं। राज्य सरकारें और केंद्र सरकार ने ना तो सरकारी अस्पतालों की स्थिति ठीक की और ना ही प्राइवेट अस्पतालों की मनमर्जी को रोकने में दिलचस्पी दिखायी। यहां तक कि केंद्र और राज्य सरकारें अब तक क्लिनिकल स्थापना के नियमों को भी लागू करने में विफल रही हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक माह के अंदर स्टैंडर्ड रेट तय करने का आदेश दिया है। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है, तो सुप्रीम कोर्ट प्राइवेट अस्पतालों में भी सरकारी रेट लागू करने पर विचार करेगा।

दरअसल, वेटरंस फोरम फॉर ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक लाइफ की तरफ से अधिवक्ता जानिश जुबैर खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि 14 साल पुराने क्लिनिकल स्थापना नियम की धारा 9 के तहत प्राइवेट अस्पतालों में अलग-अलग तरह की बीमारी के लिए रेट चार्ट निर्धारित करना है। केंद्र सरकार ने अब तक इसे ठीक ढंग से लागू नहीं किया है, जिसकी वजह से प्राइवेट अस्पताल मनमाने तरीके से फीस और चार्ज वसूल रहे हैं। याचिका में यह भी कहा गया था कि अगर राज्य सरकारें इलाज की फीस और अन्य चार्ज की सीमा तय नहीं करती हैं तो केंद्र सरकार अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर आदेश जारी कर सकती है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

**स्वास्थ्य सेवा सभी का मौलिक अधिकार:** याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मनमानी फीस और चार्ज वसूलने पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय से कहा है कि सरकार अगले एक माह के भीतर महानगरों, बड़े शहरों और छोटे शहरों में अलग-अलग बीमारी और उसके इलाज के लिए मानक तय करे। वहीं केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि बार-बार पत्र लिखने के बाद भी राज्य सरकारें इस पर ध्यान नहीं देती हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी का मौलिक अधिकार है। कोई भी सरकार इस तरह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है।

# विधानसभा में बिजली दर वृद्धि पर हंगामा

**भाजपा और आजसू ने किया प्रदर्शन**

**बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर सरकार निर्णय ले : आजसू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को भाजपा और आजसू के विधायकों ने प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायकों ने चंपाई सोरेन सरकार को पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार की तरह युवा विरोधी बताया। इसके साथ-साथ राज्य में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी को जनविरोधी बताया। भाजपा विधायकों ने कहा कि एक ओर महागठबंधन सरकार जनता से किये वादे पूरे नहीं कर रही है, तो दूसरी ओर बिजली बिल बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चंपाई सरकार ने 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। इन्हें पहले यह बताना चाहिए कि एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ कितने लोगों लिया है। विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी/कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। उन्होंने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। कहा कि झारखंड सरकार के कैबिनेट में 23 नवंबर को 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी/कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाइक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करें। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर भी सरकार जल्द निर्णय ले।

## न्यूज रील्स

### लातेहार एसपी पद पर बने रहेंगे, बोकारो के बदले

रांची। राज्य सरकार ने तीन आइपीएस का तबादला किया है। प्रिया दुबे को जैप एडीजी बनाया गया है। वहीं बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित प्रियदर्शी आलोक को एसटीएफ एसपी बनाया गया है। पूज्य प्रकाश को बोकारो एसपी बनाया गया है, जबकि लातेहार एसपी अंजनी अंजन अपने पद पर बने रहेंगे और पीयूष पांडे को रांची ग्रामीण एसपी के पद पर भेजा गया है। उधर, 27 आइपीएस अधिकारियों को तबादले के बाद नये स्थान पर योगदान का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया।

### राम रहीम को पैरोल पर हाइकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। साध्वियों के यौन शोषण और दो कत्ल केस में सजा काट रहे राम रहीम को पैरोल देने पर पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही यह भी कहा है कि बिना इजाजत डेरा प्रमुख को आगे पैरोल न दें। इस मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।

### अखिलेश यादव ने समन का जवाब भेजा

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव गुरुवार को सीबीआइ के सामने पेश नहीं हुए। उन्हें पांच साल पुराने अवैध खनन केस में दिल्ली में बतौर गवाह पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्होंने लिखित में सीबीआइ को जवाब भेज दिया है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि समन कौन भिजवा रहा है।







www.epaper.azadsipahi.in

01 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 131




# मोदी आज झारखंड पर करेंगे तोहफों की बारिश

आजाद सिपाही टीम

**सिंदरी/धनबाद/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को झारखंड की एक दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। वह सिंदरी में आयोजित कार्यक्रम में राज्य को हजारों करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। हर्ल उर्वरक कारखाना के उद्घाटन के अलावा पीएम मोदी रेलवे की कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। पीएम मोदी एक रैली को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी की यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उधर झारखंड प्रदेश भाजपा ने पीएम मोदी की यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

## झारखंड को मिलेंगी ये परियोजनाएं

पीएम मोदी सिंदरी में हर्ल कारखाना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा रेलवे और एनटीपीसी की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी होगा। झारखंड को तीन नयी रेलगाड़ियां और लांग हाल मालगाड़ी का भी तोहफा मिलेगा।



## 20 साल बाद लौटेगी सिंदरी की रौनक, रोज छह हजार टन हर्बल खाद का होगा उत्पादन

धनबाद (आजाद सिपाही)। सिंदरी में पहले फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का खाद कारखाना था। लगातार घाटा होने के कारण यह कारखाना 31 दिसंबर 2002 को बंद कर दिया गया। इसके साथ ही सिंदरी की रौनक ही चली गयी थी। सैकड़ों का रोजगार छिन गया था। 2018 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एनटीपीसी, सीआइएल, आइओएल, एफसीआइ और एचएफसीएल ने मिलकर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) की स्थापना की। पांच मई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बलियापुर हेलीपैड से इस कारखाने का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। हर्ल कारखाना शुरू होने के बाद रोज छह हजार टन खाद का उत्पादन होगा और 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। सिंदरी हर्ल कारखाने से मई 2021 में ही उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया था, पर कोरोना काल की वजह से समय पर काम पूरा नहीं हो पाया। इसके बाद 17 नवंबर 2021, मार्च 2022 और अप्रैल 2022 में इसे चालू करने की तिथि निर्धारित की गयी, लेकिन काम पूरा नहीं हो सका।

**कर्मचारियों में उत्साह :** 20 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वह घड़ी आ ही गयी, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था। 31 दिसंबर 2002 को फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का सिंदरी खाद कारखाना बंद कर दिया गया था। अब कारखाना के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों में भारी उत्साह है। हर्ल के निदेशक एसपी मोहंती के मुताबिक फिलहाल कंपनी में तीन प्लांट चल रहे हैं। इन तीनों में कर्मचारियों द्वारा लगातार यूरिया तैयार किया जाता है। यहां काम करनेवाले कर्मचारियों में इस बात की बेहद खुशी है कि इस कारखाने का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे। उन्हें इस बात की भी खुशी है कि पीएम मोदी उनसे बात भी करेंगे। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी फैक्टरी के अंदर हो रहे काम का जायजा लेंगे।

### 50 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार




### फ्रांस की तकनीक पर बना है कारखाना

सिंदरी का हर्ल खाद कारखाना फ्रांसिसी तकनीक पर बना है। फ्रांस की कंपनी टेक्निप ने कारखाना निर्माण की टेक्नोलॉजी दी है। निर्माण में मुख्य सहयोगी की भूमिका में एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) कंपनी है। इसमें अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित अन्य स्थानों की भारतीय कंपनियां भी सहयोग कर रही हैं। यह झारखंड का एकमात्र हर्बल खाद कारखाना होगा, जहां प्रतिदिन 2250 मीट्रिक टन अमोनिया और 3850 टन नीम कोटेड यूरिया के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है।

### इनका परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

| परियोजना का नाम | लागत |
|---|---|
| प्रधानखंता-पाथरडीह बाजार-भोजूडीह रेल लाइन दोहरीकरण (17.10 किमी) | 350 करोड़ |
| सिंदरी मार्शलिंग यार्ड का रिमॉडलिंग और सिंदरी मार्शलिंग यार्ड से सिंदरी टाउन के बीच यार्ड का सुदृढ़ीकरण | 63 करोड़ |
| धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग के जमुनियाटांड़-चंद्रपुरा के बीच आठ किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण | 167 करोड |
| 28 किमी लंबी धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेल मार्ग परियोजना | 479 करोड़ |
| सोननगर-अंडाल के बीच 305 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाइन | 12334 करोड़ |
| पतरातू -टोकीसूद के बीच 7.2 किलोमीटर रेल ओवर रेल लाइन | 138 करोड़ |
| कुजू-रांची रोड के बीच 7.27 किलोमीटर वाइ कनेक्शन रेल मार्ग | 143 करोड़ |

### इन परियोजनाओं का होगा उद्घाटन

| | |
|---|---|
| सिंदरी हर्ल खाद कारखाना | 8939 करोड़ |
| टोरी-शिवपुर के बीच तीसरी रेल लाइन | 894 करोड़ |
| रामगढ़ में सीसीएल के नॉर्थ अर्मर सीएचपी-साइलो | 293 करोड़ |
| बोकारो थर्मल स्टेशन में रेट्रोफिटिंग पॉल्यूशन कंट्रोल सिस्टम फ्यूल गैस डीसल्फराइजेशन( एफजीडी) | 469 करोड |
| चतरा में यूनिट-एक (660 मेगावाट) नॉर्थ कर्णपुरा एसटीपीसी | 7526 करोड़ |
| टोरी-शिवपुर प्रथम और द्वितीय और बीराटोली-शिवपुर के बीच 37.9 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन परियोजना | 3200 करोड़ |
| मोहनपुर- हंसडीहा 38.110 किलोमीटर नयी रेल लाइन | 753 करोड़ |
| देवघर से डिब्रूगढ़ और टाटा-बादामपहाड़ की नयी ट्रेन | |
| शिवपुर स्टेशन से लांग हाल मालगाड़ी | |

## जनता ने दिया 'अबकी बार 400 पार' का नारा: पीएम

भोपाल (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की जनता ने ही 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया है। जनता का यह विश्वास भाव-विभोर करने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब को हर मुसीबत से बचाना ही मोदी की गारंटी है। वह गुरुवार को 'विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश के लिए 17 हजार 500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण और भूमिपूजन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का भी शुभारंभ किया। साथ ही साइबर तहसील परियोजना की भी शुरुआत की। ये कार्यक्रम एमपी के सभी विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में हुआ। मुख्य कार्यक्रम राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान पर आयोजित किया गया। यहां राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत मंत्रिमंडल के सदस्य और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।




# हिमाचल में सुक्खू मुख्यमंत्री बने रहेंगे

**कांग्रेस ने कहा, सभी मतभेद दूर किये,ऑपरेशन लोटस फेल रहा**

**अयोग्य करार दिये छह विधायक हाइकोर्ट पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकार पर और क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस ने गुरुवार शाम को प्रेस कांफ्रेस की। इसमें कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और हिमाचल सीएम सुखविंदर सुक्खू शामिल थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिये गये हैं। सुक्खू सीएम बने रहेंगे। ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है। हमारे लिए अब लोकसभा चुनाव प्राथमिकता है। इससे पहले राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने के बाद धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और बागी विधायक सुधीर शर्मा के समर्थकों में झड़प हो गयी थी। उधर, पूर्व सीएम वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह ने विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की सस्पेंशन की कार्रवाई पर नाराजगी जतायी थी। उन्होंने कहा कि ये फैसला हाइकमान को लेना था।

भाजपा ने भी अपने सभी विधायकों से कहा है कि वे शिमला में ही रुके रहें। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अयोग्य ठहराये गये विधायक जाहिर तौर पर हमारे होंगे। वहीं, कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने स्पीकर के फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दे दी है। बजट सेशन के दौरान सदन में मौजूद न रहने पर स्पीकर पठानिया ने गुरुवार सुबह इन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया था। कांग्रेस के इन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में वोटिंग की थी, जिसकी वजह से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी हार गये थे।

**सरकार गिरने का खतरा टलाः** विधायकों अयोग्य ठहराने के फैसले से हिमाचल की कांग्रेस सरकार गिरने का खतरा टल गया है। हिमाचल में कुल 68 विधायक हैं। इस फैसले के बाद कांग्रेस के पास अब 34 विधायक बचे हैं।

# 55 दिन बाद संदेशखाली का 'खलनायक' गिरफ्तार

**शेख शाहजहां को टीएमसी ने निलंबित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली के 'खलनायक' को आखिरकार पुलिस ने 55 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां को पार्टी ने 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। पार्टी के फैसले का ऐलान करते हुए टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि एक पार्टी है, जो सिर्फ बोलती रहती है। तृणमूल जो कहती है, वो करती है।

गौरतलब है कि शेख शाहजहां को बंगाल पुलिस ने गुरुवार की सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस ने उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। कोलकाता पुलिस ने जांच क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (सीआइडी) को सौंप दी है। साउथ बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को इडी अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है।



### बेल पर कोर्ट बोला, गिरफ्तार ही रहने दो

गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाइकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा कि उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था। जो कुछ भी आपको चाहिए, आप सोमवार को आइए। हमारे पास उसके लिए कोई सहानुभूति नहीं है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 01 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# राजनीति के कई रंग देखने को मिलेंगे धनबाद संसदीय क्षेत्र में

## ■ इस बार भी पीएन सिंह या कोई और, तय करेगा आलाकमान

## ■ कांग्रेस यहां मिटा सकती है 'आयातित प्रत्याशी' उतारने का कलंक

## ■ देश की कोयला राजधानी में झरिया पुनर्वास और बेरोजगारी है सबसे बड़ा मुद्दा

आजाद सिपाही विशेष

देश की कोयला राजधानी, यानी धनबाद संसदीय क्षेत्र झारखंड के महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र कोयले की खानों के लिए मशहूर है। बराकर नदी के तट पर बसा यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से बेहद सुंदर है। इस नदी पर बना मैथन बांध पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां हिंदू देवी मां कल्याणेश्वरी का मंदिर भी है, जहां बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। यहां की तोपचांची झील शानदार पर्यटन स्थल है। जंगलों और पारसनाथ की पहाड़ियों से घिरी यह झील अलौकिक वातावरण बनाती है। यहां पर दामोदर नदी में स्थित पंचेत बांध लोगों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। धनबाद संसदीय क्षेत्र दो जिलों, धनबाद और बोकारो को मिला कर बनाया गया है। यहां का चुनावी मुकाबला हमेशा से रोमांचक होता रहा है। इस बार धनबाद के रण में राजनीति के कई रंग देखने को मिल सकते हैं। कोयला नगरी धनबाद कभी वामपंथ का गढ़ था, लेकिन बाद में कांग्रेस ने यहां अपना प्रभुत्व जमाया। पर 1991 के बाद से धनबाद पर भाजपा का कब्जा हो गया, जो आज तक बरकरार है। इस बार यहां का मुकाबला अलग किस्म का होगा। पीएन सिंह ने सांसद के रूप में धनबाद को बहुत कुछ दिया है। क्षेत्र में उनके विरोधियों की संख्या भी कम है। उनके बारे में यह प्रचलित है कि वह किसी का नुकसान नहीं करते। सबकी सुनते हैं। उन्होंने धनबाद में अपना कोई गुट नहीं बनाया। भाजपा ही उनके लिए सब कुछ है। लेकिन इस बार यहां उनकी जगह किसी और प्रत्याशी को उतारने की चर्चा जोर पकड़ रही है। क्या होगा, यह तो आलाकमान पर निर्भर है, लेकिन उनकी जगह कई और जुगत भिड़ा रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन की ओर से कांग्रेस ही यहां उतरेगी और चर्चा है कि वह इस बार 'आयातित प्रत्याशी' उतारने का कलंक मिटा सकती है। ऐसे में धनबाद का मुकाबला रोचक हो सकता है। क्या है धनबाद संसदीय क्षेत्र का चुनावी माहौल और क्या हैं यहां के मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की कोयला राजधानी और एकीकृत बिहार में 'बिहार के लेनिनग्राद' के नाम से चर्चित धनबाद संसदीय क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के हिसाब से झारखंड का सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का मुख्यालय होने के अलावा इस संसदीय क्षेत्र में सिंदरी का उर्वरक कारखाना और बोकारो इस्पात संयंत्र भी आता है। वर्षों में गुमनामी के गर्त में जा चुका सिंदरी एक बार फिर अपनी रौनक बिखेर रहा है। सिंदरी के किस्मत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपने हाथों से लिख दी है। आज प्रधानमंत्री सिंदरी में हर्ल का उदघाटन करने आ रहे हैं। इसके साथ ही यहां की रौनक फिर अपने उफान पर होगी। इसके साथ ही कोयला खदानों और औद्योगिक इकाइयों की बहुलता के कारण धनबाद संसदीय क्षेत्र में श्रमिक संगठनों की राजनीति स्वाभाविक रूप से सबसे अहम भूमिका निभाती है।

### 22 लाख से अधिक हैं मतदाता

मतदाताओं की संख्या के दृष्टिकोण से धनबाद संसदीय क्षेत्र पूरे झारखंड का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। यहां के छह विधानसभा क्षेत्रों को मिला कर कुल 22 लाख 40 हजार 276 मतदाता हैं। पूरे राज्य में इससे अधिक मतदाता किसी लोकसभा क्षेत्र में नहीं हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें धनबाद, बोकारो, सिंदरी, झरिया, चंदनकियारी और निरसा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। धनबाद में पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 74 हजार 67 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख 66 हजार 137 है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता बोकारो विधानसभा क्षेत्र में पांच लाख 55 हजार 328 हैं, जबकि धनबाद विस क्षेत्र में चार लाख 43 हजार 835, चंदनकियारी में दो लाख 72 हजार 337, सिंदरी में तीन लाख 50 हजार 185, निरसा में तीन लाख 27 हजार 374 और झरिया में दो लाख 91 हजार 217 मतदाता हैं। इस बार कुछ और नये मतदाता जुड़े हैं।

### धनबाद का राजनीतिक परिदृश्य

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अंदर छह विधानसभा सीट हैं। इनमें से पांच विधानसभा सीट फिलहाल भाजपा के कब्जे में हैं, जबकि एक सीट कांग्रेस के पास है। 2019 में चंदनकियारी सीट से भाजपा के अमर बाउरी जीते थे। निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, बोकारो से बिरंची नारायण, सिंदरी से इंद्रजीत महतो, धनबाद से राज सिन्हा चुनाव जीते थे। वहीं झरिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह ने जीत हासिल की थी। विधानसभावार स्थिति देखें तो धनबाद में भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। इस बार भी यह सीट भाजपा के लिए श्योर है। वैसे पूर्व में धनबाद लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। कांग्रेस यहां से छह बार चुनाव जीत चुकी है। भाजपा ने 1991 में धनबाद में पहली बार कब्जा जमाया। 1991 से 2019 तक आठ बार यहां से भाजपा चुनाव जीत चुकी है, जबकि दो बार मासस ने भी यहां से चुनाव जीता है। कांग्रेस ने 2004 में यह सीट जीती थी।




### धनबाद संसदीय सीट से कब कौन जीता

धनबाद संसदीय सीट से 1952 में कांग्रेस के पीसी बोस जीते थे। 1957 में भी जीत उनकी ही हुई। 1962 में कांग्रेस के पीआर चक्रवर्ती ने परचम लहराया। 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रानी ललिता राज्य लक्ष्मी चुनी गयीं। 1971 में कांग्रेस के राम नारायण शर्मा ने चुनाव जीता। 1977 के चुनाव में मासस नेता एके रॉय ने यह सीट जीत ली। उनकी जीत का सिलसिला 1980 में भी जारी रहा। 1984 में कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने उन्हें हरा दिया, लेकिन एके रॉय ने 1989 में एक बार फिर इस हार का बदला ले लिया। 1991 में धनबाद में उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा ने प्रो रीता वर्मा को उतारा। वह धनबाद में बैंक लुटेरों से मुठभेड़ में शहीद हुए एसपी रणधीर वर्मा की पत्नी थीं। एसपी की शहादत के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में उन्होंने धनबाद में पहली बार भाजपा का परचम लहराया। इसके बाद 1996, 1998 और 1999 में वह लगातार चुनी गयीं। 2004 में कांग्रेस के ददई दुबे ने यह सीट जीती, लेकिन 2009 में पीएन सिंह ने फिर यह सीट भाजपा के लिए जीत ली। 2014 और 2019 में भी वह चुनावी मुकाबला जीते। इस तरह पीएन सिंह ने यहां हैट्रिक बनायी। चुनाव में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

### धनबाद में काम नहीं करता स्थानीय फैक्टर

धनबाद संसदीय सीट के चुनाव परिणामों से साफ पता चलता है कि यहां लोकल फैक्टर काम नहीं करता है। कोयला और औद्योगिक इकाइयों के कारण इस संसदीय क्षेत्र में प्रवासी मतदाताओं की अधिकता है। इसलिए यहां स्थानीय प्रत्याशी की बजाय बाहर से भी प्रत्याशी जीतते रहे हैं। दूसरे इलाकों से आकर कई नेता यहां से जीत कर सांसद बनते रहे हैं।

### धनबाद के लिए कई दावेदार हैं रेस में

2024 के लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय सीट में राजनीति के कई रंग देखने को मिलेंगे। धनबाद पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। इस सीट के बारे में कहा जाता है कि धनबाद में नेता नहीं, भाजपा जीतती है। धनबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र में नेता का व्यक्तिगत प्रभाव, सामाजिक समीकरण और जातीय समीकरण बहुत मायने नहीं रखता। इसलिए इस सीट को लेकर भाजपा में दावेदारों की सूची लंबी है। हर जाति के दावेदार दावा ठोंक रहे हैं। पीएन सिंह लागातार तीन बार यहां से भाजपा के टिकट पर सांसद बन चुके हैं। वह अब 75 साल के हो चुके हैं। अब देखना है आलाकमान क्या तय करता है। धनबाद में भाजपा के टिकट के कई दावेदार हैं। इनमें सबसे बड़ा दावा विधायक राज सिन्हा का है। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल और बोकारो के विधायक बिरंची नारायण के अलावा बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो रेस में हैं। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के नाम की चर्चा भी जोर-शोर से चल रही है। कहा जा रहा है कि देर-सबेर सरयू राय भाजपा में शामिल हो जायेंगे। प्रदेश भाजपा की तरफ से कोई अड़ंगा नहीं है। उनकी भाजपा में वापसी पर आलाकमान को फैसला लेना है। आलाकमान से ग्रीन सिग्नल मिलते ही भाजपा सरयू राय पर इसलिए भी दांव लगा सकती है, क्योंकि सरयू भले ही धनबाद जिले के नहीं हैं, लेकिन कोयलांचल में उनकी अच्छी पकड़ है। दामोदर बचाओ आंदोलन को लेकर उन्होंने इस क्षेत्र में काफी काम किया है। भाजपा के कार्यकर्ताओं से भी उनका संपर्क अच्छा है। दूसरा फैक्टर यह भी है कि धनबाद में राजपूत वोटरों का भाजपा को समर्थन मिलता रहा है। इसलिए भाजपा यहां से पीएन सिंह के बाद राजपूत प्रत्याशी ही खड़ा करना चाहेगी। वैसे राज सिन्हा सरीखे कुछ नेता उनका विरोध कर रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | कितने मत मिले |
|---|---|---|
| पशुपति नाथ सिंह | भाजपा | 827234 |
| कीर्ति आजाद | कांग्रेस | 341040 |

### धनबाद के चुनावी मुद्दे

धनबाद संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ा मुद्दा झरिया पुनर्वास है। जमीन के नीचे लगी आग और भू-धंसान के कारण झरिया का पूरा इलाका खतरे में है। यहां के लोगों के पुनर्वास के लिए योजनाएं तो बनीं, लेकिन कुछ हुआ नहीं। इसके अलावा उद्योगों को पुनर्जीवित करना और रोजगार जैसे मुद्दे भी यहां खूब उछलते हैं। श्रमिक संगठनों की आपसी प्रतिद्वंद्विता और कोयले के अवैध कारोबार के कारण धनबाद का इलाका हमेशा से पूरे देश में चर्चित रहा है। चर्चित वासेपुर इसी धनबाद में है, जहां की हवा में अपराध की गंध तैरती है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाता अब इस तरह के तनावपूर्ण माहौल से छुटकारा पाना चाहते हैं।

# अब तक नहीं पकड़ा जा सका है घाटो में पुलिस टीम पर हमला मामले का मुख्य साजिशकर्ता

- ■ खानापूर्ति के नाम पर दो लोगों को भेजा जेल
- ■ छापेमारी के बाद घाटो में रुक गयी है कोयला की तस्करी
- ■ वरीय अधिकारियों के निर्देश को नहीं मानती स्थानीय पुलिस
- ■ अलग-अलग ग्रुप में विभक्त है स्थानीय पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गत दिनों कोयला तस्करी के खिलाफ घाटो में हजारीबाग डीआइजी की विशेष टीम छापेमारी करने गयी थी। उस क्रम में उसने एक ट्रैक्टर को पकड़ा, जिसमें अवैध कोयला लदा था। पुलिस की टीम उस ट्रैक्टर को लेकर जा ही रही थी कि अचानक कोयला तस्करों ने टीम को घेर लिया। पुलिस टीम का कहना था कि इस क्रम में जानकी महतो के नेतृत्व में भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की के साथ जोर-जबरदस्ती भी की गयी और ट्रैक्टर को पुलिस की पकड़ से छुड़ा लिया गया। इसका सबसे चिंतनीय पहलू यह है कि यह घटना घाटो थाना से कुछ दूरी पर हुई थी। पुलिस टीम ने इस बात की सूचना घाटो थाना को भी दी थी। पुलिस टीम तो उस समय वहां पहुंची नहीं, उलटे जब वह टीम वहां से कुछ दूर गयी, तो दोबारा कोयला तस्करों ने उस टीम पर हमला कर दिया और लाठी-डंडे से पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस टीम को वहां से जान बचा कर भागना पड़ा। कोयला तस्करों ने पुलिस टीम में शामिल जवानों से कहा कि एक तरफ पुलिस हमसे पैसा भी लेती है, और दूसरी तरफ छापेमारी भी करती है, यह नहीं हो सकता।



इस घटना में घाटो पुलिस की जो भूमिका सामने आयी है, वह पुलिसिया महकमा के लिए बहुत ही खतरनाक है। पुलिस टीम से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जब उस पर कोयला तस्करों ने हमला किया, तो टीम ने इस बात की जानकारी घाटो के तत्कालीन थानेदार को दी थी। बता दें कि उस थानेदार की अब घाटो से बदली हो चुकी है। जानकारी देने के डेढ़ घंटे बाद पुलिस तब वहां पहुंची, जब कोयला तस्करों ने ट्रैक्टर को टीम से मुक्त करा लिया और उन्हें जान बचा कर भागने के लिए मजबूर कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में यह बात उल्लेखनीय है कि घाटो पुलिस ने जानबूझ कर कोयला तस्करों को उकसाया। सूचना तो यहां तक मिल रही है कि जब कोयला तस्करों ने घाटो पुलिस के अधिकारी से इस छापेमारी के बारे में पूछा, तो उन्होंने साफ कह दिया कि जो छापेमारी करने गये हैं, वे घाटो थाना के पुलिसकर्मी नहीं हैं। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह बात सुनते ही कोयला तस्कर आक्रामक हो गये और टीम के ऊपर हमला कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में घाटो पुलिस की संदिग्ध भूमिका इसलिए भी सामने आ रही है, क्योंकि जिस जानकी महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम पर हमला करने की बात पुलिस टीम ने कही थी, वह आज तक पुलिस पकड़ से दूर है। घाटो पुलिस ने अब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया है। खानापूर्ति के नाम पर उसने दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और मामले की इतिश्री कर दी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डीआइजी की टीम जब छापेमारी करने पहुंची, तो उसकी सूचना कोयला तस्करों को पहले ही मिल गयी थी। उन्हें इस बात की भी सूचना थी कि यह टीम घाटो की नहीं है, लिहाजा उन्होंने पुलिस टीम को सबक सिखाने की ठानी और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। यही नहीं, कुछ पुलिसकर्मियों ने घाटो में यह सूचना भी फैला दी कि वह टीम वसूली करने के ध्येय से वहां आयी थी, इसीलिए छापेमारी की सूचना लोकल पुलिस को नहीं दी। यहां तक बात फैली कि वरीय अधिकारी थाना पुलिस पर डिमांड के लिए दबाव बना रहे हैं। चर्चा होने लगी कि पुलिसकर्मियों के पास फोन आते हैं और डिमांड होने लगती है।

इस घटनाक्रम ने वरीय अधिकारियों और स्थानीय थाना पुलिस के बीच मनमुटाव की बात उजागर कर दी है। पुलिस भी दो खेमों में बंटी हुई नजर आ रही है। स्थानीय कोयला तस्कर भी दो ग्रुप में विभक्त हो गये हैं। दोनों ही तरफ से एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें की जा रही हैं। हर कोई अपने को दूध का धुला कह रहा है और दोष दूसरों पर लगा रहा है। लेकिन एक बात तो स्पष्ट है कि बगैर पुलिस की मदद और सहभागिता के कोयला और बालू की तस्करी संभव ही नहीं है। पुलिस से सिग्नल मिलने के बाद ही कोयल तस्कर सक्रिय होते हैं और पुलिस की दबिश के पास भूमिगत हो जाते हैं। यह भी तय है कि स्थानीय पुलिस को अधिकारियों के एक वर्ग से सह मिलती है। इसीलिए जब कोई ऊपर से कार्रवाई होती है, तो स्थानीय पुलिस बेचैन हो जाती है और तिलमिला जाती है।

घाटो में हुई छापेमारी में भले ही मुख्य साजिशकर्ता जानकी महतो पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया हो, लेकिन इन दिनों वहां कोयला की तस्करी रूक गयी है। यह अलग बात है कि कोयला तस्कर एक बार फिर स्थानीय पुलिस से सेटिंग करने में लगे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। यह भी तय है कि घाटो में कोयला तस्करी बहुत दिनों तक रूकनेवाली नहीं है, क्योंकि पुलिस की कमाई का वह बहुत बड़ा स्रोत है। इन दिनों पूरे झारखंड में अवैध कोयला और अवैध बालू तस्करी ही कमाई का मुख्य जरिया बन गया है। जब बात फैलती है, तो कुछ दिनों के लिए इस पर विराम लग जाता है और जब मामला शांत हो जाता है, तो कोयला तस्कर फिर सक्रिय हो जाते हैं।

# देवघर का कुख्यात अपराधी बाबा परिहस्त की जेल में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर ।** जिले का कुख्यात अपराधी बाबा परिहस्त की जेल में मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार, देवघर जेल में बंद बाबा परिहस्त को खून की उल्टी होने लगी थी, जिसके बाद उसे गुरुवार सुबह तड़के तीन बजे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पार्टी के दौरान ही बाबा परिहस्त की बिगड़ी तबीयत :** जो खबर सामने आ रही है, उसके अनुसार, देवघर जेल में बुधवार रात बाबा परिहस्त गैंग की पार्टी चल रही थी। पार्टी में शराब भी चल रही थी। पार्टी के दौरान ही कुख्यात बाबा परिहस्त की तबीयत बिगड़ी और वहीं पर गिर गया। जेल प्रशासन प्रारंभिक जांच के बाद उसे सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कुख्यात बाबा परिहस्त की मौत हार्ट अटैक से हुई है या फिर पार्टी के दौरान शराब में जहर देने से हुई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

गौरतलब है कि 22 दिसंबर 2022 को देवघर पुलिस ने हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई गंभीर अपराध कांडों के चर्चित आरोपित, गैंगस्टर और नगर थाना क्षेत्र के बैद्यनाथ लेन निवासी बाबा परिहस्त को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। उस पर जिले के कई थानों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बिना कारण पति से अलग रहनेवाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि बिना किसी उचित कारण से अपने पति से अलग रहनेवाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हाइकोर्ट ने यह आदेश जमशेदपुर के रहनेवाले अमित कुमार कच्छप की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई करते हुए दिया है। दरअसल रांची सिविल कोर्ट की फैमिली कोर्ट ने यह आदेश दिया था कि अमित कुमार कच्छप अपनी पत्नी संगीता टोप्पो को भरण-पोषण के रूप में 15 हजार रुपये प्रति माह दें। फैमिली कोर्ट के आदेश के मुताबिक, अमित कच्छप को 30 अक्टूबर 2017 से प्रति माह 15,000 रुपये अपनी पत्नी को देना था। इस आदेश के खिलाफ अमित ने हाइकोर्ट में रिवीजन दायर की थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि शादी के कुछ दिनों के बाद ही उसकी पत्नी ने उसका घर छोड़ दिया, जिसके बाद न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पत्नी का अपने पति से अलग होने में उचित औचित्य का अभाव था।**

## बेटे और बहू ने माता-पिता के साथ की मारपीट



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पनारी गांव के नौकाडीह टोला में एक बुजुर्ग दंपति के साथ उसके बेटे, बहू और पोतों ने बेरहमी से मारपीट किया। मारपीट में 80 वर्षीय बुजुर्ग सहदेव यादव और उसकी पत्नी सोनिया देवी घायल हो गयी। बुजुर्ग दंपति ने मारपीट का आरोप अपने बेटा जोगेंद्र यादव, बहू मुनिया देवी और पोता बबलू यादव और आंचल यादव पर लगाया है। बुजुर्ग सहदेव यादव ने बताया कि वह अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान उपरोक्त लोग आये और उसके कमरे में घुसकर गाली गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट किया और सुबह होने तक घर खाली करने की धमकी दिया। दूसरे दिन सुबह घर से बाहर नहीं जाने पर सहदेव यादव के साथ दोबारा उसके बेटा बहू और पोता ने मारपीट किया। सहदेव यादव ने बताया कि उसके बेटे और बहू ने धमकी दिये हैं कि अगर घर छोड़कर दोनों नहीं गये तो जान से मार देंगे। वृद्ध को बचाने आए उसकी बेटी और नतनी के साथ भी उपरोक्त लोगों ने मारपीट किया। मारपीट में घायल वृद्ध सहदेव यादव हंटरगंज थाना पहुंचकर अपने बेटे बहू और पोता के विरुद्ध आवेदन दिया है। वृद्ध ने बताया कि इन्हें काफी दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## उप प्रमुख ने की अबुआ आवास योजना में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड उप प्रमुख राहुल गुप्ता ने प्रखंड में अबुआ आवास योजना से संबंधित पंजीयन में अनियमितता बरते जाने की शिकायत बीडीओ से की है। उप प्रमुख ने लिखे पत्र में कहा है की प्रखंड में योग्य लाभुकों के जगह अयोग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिस लाभुक का पूर्व से पक्का मकान है, परिवार के पास कई एकड़ सिंचित भूमि है, चार पहिया वाहन है, परिवार के सदस्य पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं ऐसे लोगों को लाभ दिया जा रहा है और गरीब जरूरतमंद लोगों को छोड़ दिया जा रहा है। उप प्रमुख ने आवेदन देकर जांच कराकर योग्य लाभुकों को लाभ देने की बात कही है। आवेदन की प्रतिलिपि आवास योजना के प्रखंड कोर्डिनेटर और कंप्यूटर ऑपरेटर को भी दिया गया है।

## कुजू में संयुक्त मोर्चा श्रमिक संगठन करमा ने पीओ को दिया पत्र

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना अंतर्गत संयुक्त मोर्चा के श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा परियोजना पदाधिकारी को संयुक्त हस्ताक्षर युक्त एक पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पीसीसी, पीडब्लूसी, पीएससी और किसी भी औद्योगिक संबंध के आगामी बैठक में संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि भाग नहीं लेंगे। जिसका निर्णय करमा परियोजना में हुई संयुक्त मोर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। पत्र में परियोजना प्रबंधन पर आरोप लगाया गया है कि करमा परियोजना में औद्योगिक संबंध और माहौल पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है। परियोजना प्रबंधन मान्यता प्राप्त यूनियन प्रतिनिधियों के समझौते को नहीं मानती है। जिससे परियोजना में होने वाले सभी तरह के बैठकों का संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने बहिष्कार किया है। पत्र की प्रतिलिपि सीसीएल रांची मुख्यालय के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और अन्य अधिकारियों सहित कुजू महाप्रबंधक और सभी संगठन के रीजनल और क्षेत्रीय पदाधिकारी को भी प्रेषित किया गया है। हस्ताक्षर करने वालों में एजेकेएसएस के शाखा अध्यक्ष संजय राम और शाखा सचिव अनिल कुमार, सीसीएलसीकेएस की शाखा अध्यक्ष कल्याण पासवान और शाखा सचिव दीपक कुमार, यूसीडब्लूयू के शाखा अध्यक्ष तुलेश्वर प्रसाद और शाखा सचिव जयनंदन महतो और जनता मजदूर संघ के शाखा अध्यक्ष ललन यादव और शाखा सचिव राजकुमार महतो शामिल है।

## विद्यालय में प्रबंधन समिति का गठन

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदईखाप में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया है। इसमें चयनित पदों पर गुप्त मतदान के माध्यम से लोगों का चयन किया गया है। इस समिति में मो सरफराज को अध्यक्ष, मीणा देवी को उपाध्यक्ष और प्रतिमा देवी को संयोजिका बनाया गया है। वहीं 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में शमीना खातुन, रुक्मिणी देवी, प्रतिमा देवी, अनीता देवी, मीणा देवी, उषा देवी, अनवर अंसारी, मनोज साव, मो सरफराज, बिजेंद्र यादव, राजेश कुमार और रवि कुमार को रखा गया है इस चुनाव में पेटो पंचायत मुखिया की कौशल्या देवी, मुखिया पति सह सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल साव, राजेश तिवारी, दिलिप प्रजापति, ईश्वर यादव, कंचन यादव, विजेंद्र यादव और मो बसारत मियां सहित कई लोग मौजूद थे।

# विभावि में पदोन्नति के लिए स्क्रीनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ



**सामूहिक त्यागपत्र पर आज (1 मार्च) होगी शिक्षकों की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पदोन्नति हेतु स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को 01 मार्च को प्रारंभ कर दिया गया। प्रथम दिन वाणिज्य, इतिहास, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषय के शिक्षकों के आवेदनों की स्क्रीनिंग की गयी। स्क्रीनिंग के लिए विषय वार अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, संबंधित संकाय के संकायअध्यक्ष और संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

इस बीच विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम ने शिक्षकों से कहा कि अब स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उन्होंने सामूहिक त्यागपत्र को वापस लेने का आग्रह किया।

इस पर शिक्षकों ने स्क्रीनिंग प्रक्रिया को प्रारंभ करने का स्वागत किया। शिक्षकों ने कहा कि आज शिक्षक संघ के अध्यक्ष व सचिव दोनों ही मुख्यालय से बाहर हैं। उनके अतिरिक्त अन्य शिक्षकों को भी कुलसचिव के आग्रह से अवगत कराया जायेगा। सभी शिक्षकों के राय से इस पर निर्णय 01 मार्च को लिया जायेगा। शिक्षकों ने शंका जताई की विश्वविद्यालय ने अभी तक कोई शेड्यूल जारी नहीं किया है। अतः यह पता नहीं चल पा रहा है कि कब तक स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को पूर्ण की जायेगी। कब तक आवेदनों को जेपीएससी भेजी जायेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा इसकी जानकारी उपलब्ध कराए जाने के उपरांत शिक्षक सामूहिक त्यागपत्र पर निर्णय लेंगे।

शिक्षकों ने कहा कि हाल के दिनों में विश्वविद्यालय के अधिकारियों का एक वर्ग शिक्षक और कुलपति के बीच संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। यदि संवाद की स्थिति बनी रहती तो किसी प्रकार की रुकावट नहीं आ पाती।

शिक्षकों ने यह भी स्पष्ट किया कि हर हाल में वह छात्र हित और विश्वविद्यालय हित की अनदेखी नहीं होने देंगे।

# बिहार ले जायी जा रही नकली शराब की खेप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नाइट गर्ल कंपनी की 750 एमएल के 320 बोतल लदी दो गाड़ियां जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड से बिहार में शराब की तस्करी आम बात है। लेकिन होली से पहले नकली शराब की तस्करी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब रामगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार की शाम एनएच 33 पर पटेल चौक के पास दो गाड़ियों को पकड़ा और उसकी तलाशी ली। गाड़ी के अंदर के हालात देखकर पुलिस में हैरत में रह गयी। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि नकली शराब की तस्करी कर रहे दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।






### क्या है मामला

एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि रांची से हजारीबाग की ओर जा रही स्विफ्ट कार संख्या बीआर 01 एक्यू 3988 और टाटा सोमो संख्या बीआर 01 पीए 4611 को जांच के लिए पटेल चौक पर रोका गया। वरीय अधिकारियों को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि शराब तस्कर काफी मात्रा में नकली शराब लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। जब तलाशी ली गयी तो स्विफ्ट कार और टाटा सोमो के दरवाजे और सीट के पीछे भारी मात्रा में नकली शराब की बोतल सजाकर छुपाई गयी थी। इस दौरान दोनों गाड़ियों पर मौजूद तस्कर वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर के रहने वाले अभितोष कुमार पिता वशिष्ठ नारायण सिंह और संजू सिंह पिता राम अनेक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार राय और एएसआई मालती कुमारी सहित सदलबल शामिल थे।

### चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने की भू-राजस्व मंत्री से मुलाकात

# बंदोबस्ती रद्द करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** फेडरेशन झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन और भुमि सुधार विभाग के मंत्री मो हफीजुल हसन से मुलाकात कर उन्हें रउता में उधोगों की भुमि की बंदोबस्ती रद्द करने के संबंध में जानकारी दी। मो हफीजुल हसन ने चैंबर के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को उक्त समस्या के संबंध में हर संभव मदद का आश्वासन दिया और इसके संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर बंदोबस्ती रद्द करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने का आश्वासन दिया। इस संयुक्त प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री और रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के साथ शहर के वशिष्ठ उधोगपति अशोक जैन, राधे श्याम अग्रवाल, गोविन्द मेवाड़, ओम प्रकाश बजाज और पवन्जय कुमार उर्फ बंटी बाबू उपस्थित थे।



## स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू गोविंदपुर स्थित सपोर्ट पब्लिक स्कूल में गुरुवार को ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। आहुत कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अराधना कुमारी और संचालन बैंक के एफएलसी काउंसलर अरुण कुमार सिंह ने किया। वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अतुल भट्ट ने बैंकिंग लेनदेन और बैंकों में हो रही धोखा घड़ी के बारे में विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया। विद्यालय के प्राचार्य अराधना कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से स्कूल के बच्चों के बीच ज्ञान की वृद्धि और सामाजिक जागरूकता आती है। इसीलिए विद्यालय में बच्चों के समय-समय पर सामाजिक जागरूकता संबंधित जानकारी दी जाती है। मौके पर कुलदीप कुमार, गीता देवी, मनीष कुमार, पृथ्वी, पवन पांडेय, अब्दुस, नुजरत, शिखा, तारा, सीमा, सोनम, पिंकी समेत कई लोग मौजूद थे।

# आचार्य योगेंद्र प्रसाद को सम्मानपूर्वक दी विदाई

**आचार्य अपने कर्तव्यों के प्रति रहे सजग :योगेंद्र सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में सेवानिवृत्त हुए विज्ञान के आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनके पैर पखारे गये। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी और आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्चन कर किया।

**बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया:** कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने जीवन के लगभग 26 वर्ष विद्यालय को दिए। वे शुरू से ही मृदुल भाषी और अपने कर्तव्यों के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहे हैं। 1998 से विद्यालय में काम करते हुए विभिन्न विभागों और दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अधिकारियों ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा आचार्यों के द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप प्रदान किये गये।

**योगेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया:** मौके पर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो गये। कहा की हम आचार्यों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। हम जहां भी काम करें पूर्ण मनोयोग से और आपसी तालमेल के साथ काम करें। वही विद्यालय प्रबंधन के सचिव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कौन कौन थे उपस्थित**

मौके पर वरिष्ठ आचार्य दिनेश महतो, कन्हैया कुमार, महेश्वर महतो के अलावा कुमकुम झा, सुनील कुमार, भोलानाथ घोष, दयाशंकर तिवारी, बबीता कुमारी, रेनू शाह, दयाशंकर उपाध्याय, रीता तिवारी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, निकिता कुमारी, जयदेव पंडित, प्राण रंजन कुमार, विकास कुमार कुशवाहा, प्रवीण राय, पद्मावती सिंह, आशीष कुमार, वीणा कुमारी, दुर्गेश कुमार, अंजू कुमारी, कुमारी शालू, अनीशा रंजन, बबीता रानी, रमेश विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# तीसरे दिन भी सिरका कोलियरी रही बंद, दंगल को लेकर नहीं हुआ समझौता

**रामगढ़ अंचल अधिकारी ने दंगल के विवाद को सुलझाने के लिए की पहल, वार्ता विफल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दंगल की लड़ाई को लेकर सिरका कोलियरी तीसरे दिन भी बंद रही। लोकल सेल समिति और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच समझौता नहीं होने की वजह से डिस्पैच पूरी तरीके से ठप रहा। सिरका कोलियरी को शुरू करने के लिए रामगढ़ अंचल अधिकारी ने गुरुवार को एक बार फिर पहल की। लेकिन लोकल सेल समिति ने विस्थापितों और प्रभावितों को किसी प्रकार का लाभ देने से इनकार कर दिया। अनिश्चितकालीन बंदी का नेतृत्व कर रहे कांग्रेसी नेता समसूद खान ने बताया कि जनवरी महीने में ही सीसीएल प्रबंधन को उन्होंने एक पत्र लिखा था। जिसमें स्थानीय मजदूरों, विस्थापितों और प्रभावितों को लोकल सेल में शामिल करने के बाद कही थी। साथ ही यह भी कहा था कि 5 वर्ष पूर्व जब कोलियरी बंद हुआ था तब मजदूरों का लगभग एक करोड़ रूपया सेल समिति के पास था। वह पैसा भी समिति के सदस्य डकार गये। इतने वर्षों बाद जब कोलियरी को सीटीओ मिला तब स्थानीय मजदूरों को एक बार फिर कोलियरी से दूर रखने की साजिश रची गयी।

**मांगें पूरी नहीं होने तक काम ठप रहेगा**

पिछले 1 महीने में तीन बार वार्ता हो चुकी थी। लेकिन उसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला। गुरुवार को एक बार फिर अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता तो हुई, लेकिन वह फिर बेनतीजा ही रही। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे मजदूरों ने साफ कह दिया है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी कोलियरी में काम ठप रहेगा।

## जिंदल आशा पतरातू के तीन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, दी गयी बधाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पावरलिफ्टिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप 25 से 29 फरवरी 2024 तक उत्तर प्रदेश के कानपुर में आयोजित की गयी थी। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में 20 राज्यों के 146 एथलीटों ने भाग लिया था। जिसमें 6 बच्चों (4 लड़के और 2 लड़कियों) ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया था। इसमें जिंदल आशा पतरातू के 3 बच्चे शिव कुमार मुंडा, रौशन जहां और राखी केरकेट्टा शामिल थे। इस स्पर्धा में 43 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में रौशन जहां ने दूसरा स्थान और राखी केरकेट्टा ने 5वां स्थान हासिल किया और शिव कुमार मुंडा ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में चैथा स्थान हासिल किया। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल की पहल से सीएसआर के अंतर्गत जिंदल आशा कार्यक्रम की शुरूवात रामगढ़ जिले के पतरातू में की गयी है। जिसका उद्देश्य परिधि के गांवों में रहने वाले विशेष जरूरतों वाले बच्चों को विशेष शिक्षा और चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करना है। ताकि उन्हें पुनर्वास और मुख्यधारा में लाया जा सके और उन्हें जीवन को पूरी तरह से जीने में सक्षम बनाया जा सके। इसके अलावा जेएसपी फाउंडेशन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल के विकास के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्पेशल ओलंपिक्स भारत (झारखंड) के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी के तहत गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के बड़कागांव संयोजक अखिलेश प्रसाद, योगेश दांगी, भुरकुंडा मंडल के संयोजक अशोक सोनी, सह संयोजक जगतार सिंह, पालक सुखदेव प्रसाद, युगल नायक, संतोष शर्मा, बड़कागांव के विस्तारक विपिन यादव उपस्थित थें। बैठक की शुरूआत अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके की। बैठक में लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी के बावत भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने अपने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर अतिथियों ने कहा की पीएम मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में दर्जनों बेमिसाल योजनाएं धरातल पर उतरी है। जिसका सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंची है। कहा गया की भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है की पीएम मोदी के ओर से भेजा गया संदेश, प्रणाम, आभार व धन्यवाद सभी लाभार्थियों तक पहुंचाई जाये। मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष जगतार सिंह, राजन पांडेय, शंकर प्रसाद, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, अजय पासवान, सुभाष दास, आकाश साहू, जनार्दन सिंह, अखिलेश टोप्पो, कमलेश सिन्हा, लालमुनी ठाकुर, विकास मोहन मिश्रा, सुनील बैठा, सुरेंद्र यादव, बाबूलाल गोस्वामी, गणेश महली, दीनबंधु सिंह, डॉ. आर्यन सरकार, आनंद, मंगल, अभिषेक मिश्रा, अशोक ठाकुर, संतन सिंह, आदर्श तिवारी, विजय कुमार, भोला कुमार, बाबूलाल नायक आदि मौजूद थें।

## सूचना प्रेन्योर सेंटर का उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर छह के निर्वतमान पार्षद चिन्तामन महतो उर्फ चितु महतो ने बुढ़ाखाप मे सूचना प्रेन्योर सेंटर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर चिन्तामन महतो ने कहा कि सूचना प्रेन्योर कार्यालय के खुलने से ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को डिजिटल दुनिया की जानकारी आसानी पूर्वक से मिल सकेगा। सेंटर संचालिका ममता कुमारी ने बताया कि सूचना प्रेन्योर कार्यक्रम लोगों की सूचना से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ग्रामीण इंटरप्रेन्योरशिप बेस्ड प्रोजेक्ट है, जो ग्रामीण भारत के लोगों को सशक्त करने कि दिशा में काम करता है। मौके पर ममता देवी, सोमरी देवी, शीला देवी, बचनी देवी, जगदेव महतो, अन्नु महतो, अजय कुमार, दिनेश महतो, सविता देवी समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## संकुल बरवाटोला के किसानों ने ट्रांसमिशन लाइन लगाने का किया विरोध

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा पतरातू ग्राम सांकुल के रैयती दखली भूमि के मध्य स्थल से 400 केवी डी/सी 3 पीएच द्वारा पतरातू कोडरमा द्वारा ट्रांसमिशन लाइन से प्रभावित किसानों से बिना सहमति प्राप्त किये बिजली का ट्रांसमिशन लाइन संपर्क करने का विरोध सांकुल पंचायत के ग्रामीणों द्वारा की गयी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा है कि झारखंड ऊर्जा संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपयोगिता किस्म की भूमि जिसमें मकान चारदीवारी तथा किसानों द्वारा खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे भूमि का सर्वे कर जांच प्रतिवेदन झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा की जा रही है। पूर्व में भी पीटीपीएस और रेलवे के विस्तार में सांकुल मौजा का उपजाऊ दखली भुमी को अधिग्रहण किया जा चुका है। जिससे रैयतों का जमीन का भूमि का क्षेत्रफल सीमा सुकडता जा रहा है। इसलिए सांकूल गांव के आम लोगों को उजड़ने से बचाया जाए। इस संबंध में पतरातू प्रखंड के प्रमुख सहित पंचायत प्रतिनिधियों और सांकुल और बरवाटोला के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर उपयुक्त रामगढ़ ,ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार रांची और एसडीओ रामगढ़, अंचल अधिकारी पतरातू, थाना प्रभारी पतरातू को पत्र दिया है। ताकि सांकुल बरवाटोला गांव को उजड़ने से बचाया जा सके।

## पीडीएस दुकान से अनाज की चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित एक जन वितरण प्रणाली दुकान में बीती रात चोरों ने अनाज भरी बोरियों की चोरी कर ली। वही, भुक्तभोगी डीलर अमरजीत सिंह ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात चोरों ने ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित अमरजीत सिंह के जनवितरण प्रणाली की दुकान के दरवाजे के ताला तोड़कर अनाज भरी कई बोरियां चुराकर ले भागे। भुक्तभोगी के अनुसार, चोरी गए अनाज की अनुमानित कीमत करीब पचास हजार रुपये है। मालूम हो कि उक्त दुकान में चोरी की घटना कई बार हो चुकी है।

# गलत मिसाल

अपने देश में न तो सांसदों और विधायकों का दलीय निष्ठा बदलना कोई नई चीज है और न ही क्रॉसवोटिंग करना। फिर भी मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में जिस तरह से बड़े पैमाने पर क्रॉस वोटिंग देखने को मिली, उसे अहम माना जा रहा है। वजह यह है कि इस बार इस ट्रेंड ने कई मायनों में पुराने पैटर्न को तोड़ा है, जिससे पुरानी लाइन पर की जाने वाली आलोचनाएं असंगत लगने लगी हैं। जैसा कि आम तौर पर होता है इस बार भी एक तबका क्रॉसवोटिंग को सत्ता के दुरुपयोग और सत्तारूढ़ दल की अलोकतांत्रिक प्रवृत्तियों का परिणाम बता रहा है। लेकिन इस बार यह आलोचना धारदार नहीं मालूम हो रही, तो इसलिए कि कांग्रेस भी इस मामले में पीछे नहीं रही। कर्नाटक में, जहां वह सरकार में है, भाजपा के एक विधायक की क्रॉसवोटिंग से उसका एक प्रत्याशी जीत गया। यूपी में हुई क्रॉसवोटिंग ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। एक तो यहां सीटों की संख्या सबसे अधिक थी। दूसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायकों की संख्या भी ज्यादा रही। तीसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायक का कद भी बड़ा था। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक (चीफ विप) भी क्रॉसवोटिंग करने वालों में शामिल रहे, जो रायबरेली के हैं। इसे आगामी लोकसभा चुनावों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके भाजपा में शामिल होने और रायबरेली से टिकट लेकर विपक्षी दलों के मंच आइएनडीआइए के लिए असुविधाजनक हालात पैदा करने की चर्चा है। रायबरेली गांधी परिवार की सीट रही है। हिमाचल प्रदेश में क्रॉसवोटिंग ने न केवल कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को बेहद सुरक्षित मानी जा रही सीट पर झटका दे दिया, बल्कि राज्य सरकार के अस्तित्व के लिए भी चुनौती पैदा कर दी। राज्यसभा चुनावों के बहाने वह पुराना असंतोष बाहर आ गया, जो राज्य में सरकार गठन के बाद से ही बना हुआ था और जिसे संबोधित करने का कोई कारगर प्रयास कांग्रेस नेतृत्व नहीं कर पाया था। हालांकि केंद्र की मौजूदा सरकार को एनडीए से बाहर के भी कई दलों का समर्थन हर महत्वपूर्ण मौके पर मिलता रहा है, लेकिन फिर भी यह तथ्य अहम है कि लगातार दस साल शासन करने के बाद मौजूदा कार्यकाल के आखिर में भी सत्तारूढ़ गठबंधन ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर पाया। मंगलवार को मिली जीतों के बाद भी राज्यसभा में एनडीए की कुल सदस्य संख्या बहुमत के लिए जरूरी संख्या (121) से चार कम है। बहरहाल, यह बात भुलायी नहीं जानी चाहिए कि लालच और दबाव में विधायकों का निष्ठा बदलना लोकतंत्र को कमजोर करने वाली प्रवृत्ति है, जिसे किसी भी दल द्वारा अपनी ताकत या जीत के रूप में प्रचारित करना देश की लोकतांत्रिक चेतना को सवालों के घेरे में लाता है।

**यूपी में हुई क्रॉसवोटिंग ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। एक तो यहां सीटों की संख्या सबसे अधिक थी। दूसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायकों की संख्या भी ज्यादा रही। तीसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायक का कद भी बड़ा था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कभी देश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव की सीटों को लेकर घाटे का सौदा करने को मजबूर हो गयी है। कांग्रेस की यह हालत पिछले लोकसभा चुनाव में और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद हुई है। कमजोर होती कांग्रेस से रिक्त हुआ राजनीतिक स्थान क्षेत्रीय दल ले रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति यह हो गयी है कि यदि राजनीति में टिकना है, तो क्षेत्रीय दलों के सामने झुकना होगा।**

# सीट शेयरिंग में घाटे का सौदा करने को मजबूर कांग्रेस

योगेंद्र योगी

कभी देश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव की सीटों को लेकर घाटे का सौदा करने को मजबूर हो गयी है। कांग्रेस की यह हालत पिछले लोकसभा चुनाव में और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद हुई है।

कभी देश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव की सीटों को लेकर घाटे का सौदा करने को मजबूर हो गयी है। कांग्रेस की यह हालत पिछले लोकसभा चुनाव में और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद हुई है। कमजोर होती कांग्रेस से रिक्त हुआ राजनीतिक स्थान क्षेत्रीय दल ले रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति यह हो गयी है कि यदि राजनीति में टिकना है, तो क्षेत्रीय दलों के सामने झुकना होगा। कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से गठबंधन करके करीब 70 सीटों की कुर्बानी दे चुकी है। इन सीटों पर पिछली बार कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था।




**वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 421 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से कांग्रेस मात्र 52 सीटें ही जीतने में कामयाब हो सकी। जिस तरह कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर रही है, उससे आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभर कर आने पर ब्रेक लग सकता है।**

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 421 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से कांग्रेस मात्र 52 सीटें ही जीतने में कामयाब हो सकी। जिस तरह कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर रही है, उससे आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभर कर आने पर ब्रेक लग सकता है। ऐसी हालत में केंद्र में यदि गैर-भाजपा गठबंधन बहुमत में आता भी है, तो कांग्रेस के लिए कप्तान की भूमिका निभा पाना मुश्किल होगा। हालांकि विगत विधानसभा चुनाव को यदि लोकसभा चुनाव की भविष्यवाणी मानें तो विपक्षी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनने की संभावना क्षीण है।

**हर दल जितना हो सके कांग्रेस की बांह मरोड़ने में जुटा हुआ है।**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच दिल्ली के अलावा हरियाणा, गुजरात, गोवा और चंडीगढ़ में भी गठबंधन हुआ है। आम आदमी पार्टी 46 में से 7 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

गोवा और चंडीगढ़ के लिए भी अरविंद केजरीवाल ने अपने उम्मीदवार को चुनाव लड़ाने की तैयारी की थी, लेकिन गठबंधन के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। गोवा में एक सीट पर उम्मीदवार का ऐलान करने के बाद आम आदमी पार्टी ने दोनों सीटें कांग्रेस को दी हैं। दिल्ली में भी पहले आम आदमी पार्टी ने 6 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी, लेकिन बाद में 4 सीटों पर ही समझौता कर लिया। दिल्ली में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी से 3 सीटों पर चुनाव लड़ने की सहमति पर समझौता करना पड़ा।

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी 7 में से 4 सीटों - पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली-पर चुनाव लड़ेगी। शेष 3- उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और चांदनी चौक संसदीय सीट से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी 7 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लगातार 2 बार लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के प्रत्याशी एक भी सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब नहीं हुए।

गुजरात में 26 में से 2 सीटें अनुसूचित जाति और 4 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। आम आदमी पार्टी 2 और कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस की कमजोर राजनीतिक हालत का फायदा उठाने से गठबंधन का कोई भी दल नहीं चूक रहा है। हर दल जितना हो सके कांग्रेस की बांह मरोड़ने में जुटा हुआ है। समाजवादी पार्टी के तीखे तेवर दिखाने के बाद कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा घाटा हुआ है।

कांग्रेस अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से डील कर चुकी है। पार्टी उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जो लोकसभा में सबसे ज्यादा सांसद भेजता है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच 8 सीटों पर अभी तक फैसला नहीं हो सका है, जिसके बीच गतिरोध बना हुआ है।

पश्चिम बंगाल भी कांग्रेस के लिए चुनौती बना हुआ है। तृणमूल सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस को अपने प्रभाव क्षेत्र वाले राज्यों से चुनाव लड़ना चाहिए।

क्षेत्रीय दलों वाले राज्यों में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं है। ममता के इन तेवरों से जाहिर है कि अलबत्ता तो पश्चिमी बंगाल में तृणमूल से कोई सीट शेयरिंग नहीं होगी। यदि होती भी है, तो कांग्रेस दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सकेगी। तृणमूल कांग्रेस को 2 से अधिक सीटें देने के लिए तैयार नहीं है, जो पूर्वी राज्य में कम से कम 5 सीटें मांग रही है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने अपना रुख रख दिया है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावित सौदे को मधुर बनाने के लिए कांग्रेस कथित तौर पर असम में तृणमूल को दो और मेघालय में एक सीट देने को तैयार थी।

इंडिया ब्लॉक, जिसे पिछले साल भाजपा से मुकाबला करने के लिए स्थापित किया गया था, पहले ही 2 प्रमुख सदस्यों को खो चुका है। नीतीश कुमार की जनता दल-यूनाइटेड और जयंत चौधरी की राष्ट्र लोक दल ने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया है। ऐसे में कांग्रेस के पास बिहार में सिर्फ लालू यादव की पार्टी राजद से समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। यदि कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करती है, तो भाजपा को दोगुनी ताकत से कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर प्रहार करने का मौका मिल जाएगा।

विगत चुनावों में भाजपा से शिकस्त खाने के बाद कमजोर हुई कांग्रेस की हालत को बिखरते इंडिया गठबंधन ने तगड़े झटके दिये हैं। जिस तरह से कांग्रेस की हालत हो गयी है, उस हिसाब से सीटों के समझौतों में गठबंधन कम मजबूरी अधिक झलक रही है। यह निश्चित है कि केंद्र और राज्यों की सत्ता से धकेली जा रही कांग्रेस जब तक नीतियां स्पष्ट नहीं करेगी, तब तक न सिर्फ भाजपा, बल्कि इंडिया गठबंधन के दल भी उसे हाशिए पर धकेलने के लिए मजबूर करते रहेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

### 50 लोगों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र

जमशेदपुर। परसुडीह खासमहल में मां तुझे सलाम संस्था के द्वारा गरीब व जरूरतमंद 50 लोगों को बृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन व विकलांग पेंशन के लिए पेंशन स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान व भाजपा नेता विमल बैठा शामिल रहे। वही पेंशन स्वीकृति पत्र लेने वालों में बिस्टुपुर ,कदमा,सोनारी,साकची,जुगसलाई,बमार्माइन्स,गोलमुरी,बिरसानगर व परसुडीह से लोग शामिल रहे। वही स्वीकृति पत्र मिलने से लोगों का चेहरे में मुस्कान देखने को मिला। उन्होंने संस्था के सदस्यों के प्रति आभार जताया। मौके पर भारत सिंह,रैना पूर्ति, सुबोध सिंह सरदार,कानू हेंब्रम सहित अन्य शामिल रहे।

फार्म-IV
(नियम 8, समाचारपत्र पंजीकरण (केंद्रीय) नियम 1956 के अंतर्गत)

आजाद सिपाही

1. प्रकाशन स्थान : रांची
2. प्रकाशन अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : हरिनारायण सिंह
   (क) क्या भारत का नागरिक हैं? : हां
   (ख) यदि विदेशी है तो मूल देश : XXX
   पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
4. प्रकाशक का नाम : हरिनारायण सिंह
   राष्ट्रीयता
   (क) क्या भारत का नागरिक हैं? : हां
   (ख) यदि विदेशी है तो मूल देश : XXX
   पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
5. संपादक का नाम : हरिनारायण सिंह
   राष्ट्रीयता
   (क) क्या भारत का नागरिक हैं? : हां
   (ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश : XXX
   पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र. के स्वामी हैं तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हैं:

समाचार पत्र का स्वामी-लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001

लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि. के हिस्सेदार जिनके पास 01.02.2024 को कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है.

1. हरिनारायण सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
2. राहुल सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
3. राकेश सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001

मैं, हरिनारायण सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं.

ह./- हरिनारायण सिंह
प्रकाशक

दिनांक : 29.02.2024

### पुलिस ने बोल्डर और गिट्टी लदे पांच हाइवा को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिला के कांड्रा थाना क्षेत्र में पांच हाईवा को पुलिस ने जब्त कर लिया। बताया जारहा है कि कुछ हाईवा में बोल्डर और अन्य में गिट्टी लोड है। इस संदर्भ में एसडीपीओ दिलीप खलको से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी। उधर हाईवा के चालको के अनुसार गाड़ी ओवरलोडिंग में पकड़ाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पांच में कुछ हाईवा एचएलएम कंपनी की है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई से हाईवा मालिकों में हड़कम मच गया। वही गाड़ी छुड़वाने के लिए थाने में भीड़ जुटने लगी है। हाईवा मलिक गाड़ी के कुछ कागजात जुगाड़ करके थाने पहुंच रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि थाने की जांच में वाहन मालिक दोषी पाये जाते हैं या बेगुनह।

### पीड़ित परिवारों के साथ है झामुमो: महावीर मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा विधानसभा अंतर्गत गुड़ाबांधा प्रखंड के बनमाकड़ी पंचायत और बनमाकड़ी गांव के छह परिवारों के लोगो ने श्राद्धकर्म में सहयोग के लिए झामुमो नेता महाबीर मुर्मू से गुहार लगाई। गुरुवार को संज्ञान लेते हुए महाबीर मुर्मू ने झामुमो कार्यकर्ताओं के संग शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सभी परिवार को श्रद्धाकर्म के लिए सुखा राशन उपलब्ध कराया। दत्त ही भविष्य मे भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर गुड़ाबांधा प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडु, पूर्व जिला परिषद सदस्य बेलबोती मुर्मू, सचिव बुकाई सोरेन, राम चंद्र हॉसदा, सुरज गौड़,रॉकी सिंह, मनोज तांती, साहेबराम सोरेन, हाड़ीराम सोरेन, दासमाथ सोरेन,दुलाराम मुर्मू, देवीलाल सोरेन सहित अन्य शामिल रहे।

### आपसी विवाद में हत्या मामले में दो सगे भाइयों को उम्रकैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपसी विवाद में गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर न्यायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत में फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले में दो सगे भाई मोहम्मद रजा और मोहम्मद शाहिद को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इन पर चार अलग-अलग धाराओं में 35-35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं मामले में एक आरोपी मोहमद इरसाद को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बता दें कि हिंदपीढ़ी के नेजाम नगर में मुजाहिद आलम की हत्या आपसी विवाद को लेकर की गयी थी। इस घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने देर रात आरोपियों और उसके रिश्तेदारों के पांच घरों को आग के हवाले कर दिया था। अग्निशमन विभाग की गाड़ी वहां पहुंचकर आग पर काबू पाया था।

### किसानों की बस को डीसी और डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर कराया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी में मिड राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण और परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन होना है। गुरुवार को जिले के मुख्यालय से डीसी अनन्य मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण और परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडो से 50 कृषकों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया। साथ ही सभी किसानों को यात्रा और प्रशिक्षण के लिए शुभकामनायें दी। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी मौजूद रहीं। इस अवसर पर डीसी ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिले में कृषि क्षेत्र में खेती के लिए काफी संभावनायें हैं। पटमदा व बोड़ाम प्रखंड सब्जी उत्पादन में अग्रणी हैं। वहीं चाकुलिया और बहरागोड़ा क्षेत्र चावल उत्पादन के लिए जाना जाता है। कुछ प्रखंड में गेंदा फूल की खेती में हो रही है। उन्होंने कहा जरूरत है बाजार की मांग के अनुरूप अन्य सभी प्रखंडों के किसानों को भी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित करना। इससे जिले में स्वरोजगार के साधन बढ़ेंगे। साथ ही किसानों के आय में भी वृद्धि होगी। उन्होने कहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में जिले के किसानों को कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक की जानकारी के साथ जैविक खेती और अन्य वैज्ञानिक पद्धित से खेती की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पाने वाले किसान अन्य किसानों को भी प्रशिक्षित दे सकेंगे। ताकि जिले के सभी किसानों को काफी लाभदायक हो सके।

### ब्राह्मण नारी शक्ति का होली मिलन 16 मार्च को



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ब्राह्मण नारी शक्ति की एक बैठक टीनप्लेट मद्रासी क्लब के पास की गयी। गुरुवार को बैठक में ब्राह्मण महिलाओं ने सर्वसम्मति से आगामी 16 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया। साथ ही घरेलू महिलाओ ने रंगारंग कार्यक्रम, पकवान का कंपटीशन और एक दूसरे के बीच बेहतर माहौल बनाने के साथ ब्राह्मण महिलाओ को एकजुट करने के लिए संकल्प लेने का निर्णय लिया। वही बैठक में आगामी श्री परशुराम जन्मोत्सव में महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। इसके लिए अत्यधिक महिलाओ को एकजुट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में ब्यूटी तिवारी, रीमा दुबे, शालिनी पांडे, स्नेहा चौबे, स्वर्णालता मिश्रा, विनीत मिश्रा, नीतू दुबे, ज्ञानह्वी देवी, अभीवंदना सुमन, प्रतिभा पांडे, संजना, राखी मिश्रा, तरुण मिश्रा, संध्या पांडे सहित अन्य शामिल रहे।

# राज्य सरकार ने पेश किया सराहनीय बजट : दिनेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा ने कहा कि गठबंधन सरकार के द्वारा जो बजट पेश किये गये है वह किसान, गरीब, मजदूर, महिला, छात्र-छात्राओं के लिए अनुकूल बजट है। उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का आभार जताया हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट स्वागत योग्य है। उक्त सरकार ने हर वर्ग को सौगात दी है। यह बजट मध्यवर्गी, किसान, मजदूर, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है। और सभी वर्ग की उत्थान के लिए विकास पर जोर दिया गया है। बजट में 19 महाविद्यालय नए स्थापित होंगे। वहीं 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना सरकार का सुखद पहल है। उच्च शिक्षा के लिए सरकार का यह प्रभावशाली कदम होगा। इस घोषणा से ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को लाभ मिलेगा। उक्त सरकार कृषि, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, सड़क, पेयजल, औद्योगिक विकास सहित महिला के उत्थान के लिए जोर दिया है। इस बजट से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का अर्थव्यवस्था मजबूत होगा।

# भाजयुमो ने बिजली महंगा करने के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में बिजली महंगा करने के खिलाफ रंका मोड़ गढ़वा में कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फुंका। कार्यकताओं ने झामुमो सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। मौके पर संबंधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है सत्ता में बैठे मंत्री विधायक जनता का सोशन करने में लगे हुए हैं बिजली बिल माफ करने का वादा था लेकिन झामुमो सरकार ने बिजली महंगी करने का काम किया है उन्होंने कहा कि स्थानीय झामुमो मंत्री विधायक जनता को धोखा देने में लगे हुए हैं जनता त्राहि-त्राहि कर रही है आनेवाले दिनों में झामुमो को उखाड़ फेंकने के लिए जनता कमर कस चुकी है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो का हर वादा फेल हुआ है उसी तरह बिजली फ्री देने के नाम पर बिजली महंगी कर दिया गया। इससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक जनता को ठगने में लगे हुए हैं बिजली महंगी होने से जनता परेशान हैं झारखंड में बेरोजगारी चरम पर है लेकिन झामुमो सरकार रोजगार देने के बजाय महंगाई बढ़ाने में लगी हुई है लेकिन युवाओं ने झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है जनता को हर तरीके से लुटा जा रहा है

मौके पर मुख्य रूप से अरविंद तुफानी गौरी बिंद नशरुद्दीन अंसारी विनय चौबे मुरली श्याम सोनी विवेकानंद तिवारी उमेश कश्यप बीर यादव जयंत पाण्डेय प्रमोद चौबे डॉ लालमोहन प्रमोद जायसवाल लक्ष्मीकांत पांडे विपिन तिवारी ब्रजेश उपाध्याय चंदन जायसवाल विकास तिवारी जीतेन्द्र चंद्रवंशी सुरेंद्र विश्वकर्मा संजय तिवारी अनवर साह टिंकू गुप्ता बंधु राम राकेश शंकर गुप्ता गिरेंद्र पांडे प्रिंस तिवारी अविनाश पासवान अरविंद धर दुबे मुरली श्याम तिवारी आयुष दुबे रामसरीख चंद्रा ओंकार तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सामूहिक शादी समारोह से बाइक और गहना चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप में विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा 51 बहनों की सामूहिक शादी समारोह में बाईक और गहना चोरी होने की घटना घटित हुई है। जिसमे तीन लोगों के द्वारा भवनाथपुर थाना में लिखित शिकायत करते हुए बाईक गुम होने की सनहा दर्ज करायी गयी है। रविरंजन सिंह पिता संजय सिंह टंडवा रमना निवासी का बाईक सुपर एस्प्लेंड जेएच 03टी 3489 काला रंग, संजय साहू पिता सुरेंद्र साह लमारी कला मझियांव का जेएच 14डी 0964 पेंशन प्रो लाल रंग का तथा दुलार साह पिता चंद्र देवमणि साह भवनाथपुर निवासी एस्पलेंडर प्रो काला रंग का गाड़ी नंबर जेएच 14डी 2798 शामिल है, जबकि एक भवनाथपुर बस्ती के महिला का सोने का मंगलसूत्र की भी चोरी हुई है। पीड़ित रविरंजन सिंह और संजय साह ने बताया की कुछ और लोग भी अपनी बाइक का तलाश कर रहे थे। संभावना है, कि अन्य लोगों की भी बाईक चोरी हुई है। उक्त लोगों ने कहा है, कि 28 फरवरी को हमलोग टाउनशिप सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दोपहर दो बजे आये थे, और अपनी अपनी बाईक सेल के माइंस हॉस्पिटल के पास खड़ी कर हेंडिल लॉक किया था। शाम पांच बजे जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तो बाईक अपने स्थान पर नही थी। काफी खोज बिन के पश्चात थाना में सनहा दर्ज कराया है।

# सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रशिक्षण प्राप्त करते पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य।

**रंका।** रंका प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास (ग्राम पंचायत विकास योजना) अभियान 2024 -25 अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तृतीय बैच का तीन दिवसीय प्रारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 22 फरवरी से लेकर 01 मार्च तक तीन बैच में चलेगा जिसमें पहला बैच में दूधवल, चुतरू, चुटिया, कटरा, विश्रामपुर, दूसरा बैच में मानपुर, खपरो, सोनदाग, तमगेकला, बाहाहारा, तीसरा बैच में सिरोईखुर्द, रंका कला, खरडिहा एवं कंचनपुर पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सहजकर्ता दल में पंचायत के सचिव, रोजगार सेवक, दो वार्ड सदस्य जिसमें एक महिला, जल सहिया, मुखिया द्वारा चिन्हित एक स्वयंसेवक, जेएसएलपीएस वीपीआरपी फैसिलिटेटर, विषयों से संबंधित फ्रंटलाईन कार्यकर्ता, सीबीओस और सीएसओ के प्रतिनिधि नामित रहेंगे। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अरूण पाण्डेय द्वारा ग्राम पंचायत का कार्य योजना तैयार करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्य योजना तैयार करने के लिए महिला सभा, बाल सभा, ग्राम सभा, विशेष सभा इत्यादि के माध्यम से ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को निर्धारित नियमों का अनुपालन करते हुए कार्य योजना तैयार करने, अभियान का प्रचार प्रसार, दिवार लेखन बैनर पोस्टर, माइकिंग का उपयोग करने और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी सदस्यों को जल पर्याप्त पंचायत के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर पंचायती राज रंका प्रखंड समन्वयक कृति गुप्ता सहित पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य उपस्थित थे।

# अधिक से अधिक वोटर करें अपने अधिकार का इस्तेमाल, यही उद्देश्य : निर्वाचन पदाधिकारी

**उपायुक्त ने लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर समीक्षा बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी और अब तक की गयी कार्रवाई के निमित विभिन्न कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा एक बैठक के माध्यम से की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर समीक्षा की गयी। इनमें मुख्य रूप से पर्सनल और कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल और ईवी एम मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी, एमसीएम सीलॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, इडिसी सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रॉन्ग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग और कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन और रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल और डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की एक एक कर बिंदुवार समीक्षा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी और अपने अधीनस्थ पदाधिकारी/कर्मियों को सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने को कहा गया। चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की बात कही गयी। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के तहत चुनाव पाठशाला समेत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से भी अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जिले के योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जिले के मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा एमसीसी घोषणा के बाद की जाने वाली कार्रवाई पर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थें।

# एक दिवसीय खेल का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चना कला के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र गढ़वा कि ओर से एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसका आरंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अफसार अंसारी, समाज सेवी विकास कुमार, राष्ट्रीय स्वंसेवक रुखसाना खातून ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों को वॉलीबॉल, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमे विजयी होने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अफसार अंसारी ने कहा कि खेलने से शारीरिक और मानसिक वृद्धि होती है। जिसे लेकर सरकार द्वारा कई मुहिम चलाई जा रही है। बच्चों को विद्यालय और खिलाड़ियों के लिए संचालित योजनाओं से जुड़कर अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ने की जरूरत है।

मौके पर सुरेश बैठा, राजेन्द्र प्रजापति, यासीन अंसारी, सतेन्द्र बैठा, आशिक अंसारी, मो साद हुसैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# थाना में किया गया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** थाना परिसर के प्रांगण में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा की वर्तमान समय में पर्यावरण को साफ सुरक्षित रखने का जिम्मा हम सभी पर है कहा की जिस प्रकार से स्थानीय समाज सेवी डाक्टर पारसनाथ के नेतृत्व में पिछले कई वर्षो से थाना परिसर सहित कई सार्वजनिक जगहों में पौधारोपण का कार्यक्रम किया है वह सराहनीय है। वही डाक्टर पारसनाथ ने कहा कि सुरक्षित प्रदूषण के लिए हमे अभी से सतर्क रहने की आवश्यकता है। ताकि आने वाले पीढ़ियों को कोई परेशानी नहीं हो। मौके पर समाजसेवी मुन्ना प्रसाद, बबलू गुप्ता, टुनटुन सोनी, अरविंद कुमार, धनंजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 17 लाभार्थियों के बीच 51-51 हजार रुपये का चेक वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित नेहा आजीविका सखी मंडल के प्रांगण में गुरुवार को राधा स्वामी संगठन द्वारा अपने कन्यादान योजना के तहत लाभार्थियों के बीच अनुबंध पत्र के साथ चेक वितरण किया। भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी और संगठन के प्रखंड समन्वयक अंजू देवी ने संयुक्त रूप से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो के 17 लाभार्थियों के बीच 51-51 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर राधा स्वामी संगठन के प्रखंड समन्वयक अंजू देवी ने उपस्थित लोगो को संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तार पूर्वक इसकी जानकारी दी। इस मौके पर मंजू देवी, प्रमिला देवी, शमसेर अंसारी, बीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# गरदाहा हाइ स्कूल में लगातार असामाजिक तत्वों और चोरों का दुष्कृत्य जारी, आखिर कैसे पढ़ें बच्चें

आजाद सिपाही संवाददाता



इसी आलमारी से की चोरी।



इसी जगह दीवार तोड़कर घुसे चोर।

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत पहाड़ी इलाके के लोगों को एक यक्ष प्रश्न परेशान कर रहा है कि आखिर कैसे पढ़ें, इन 30-40 गांव के बच्चे बच्चियां। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के कारण सुचारू रूप से पढ़ाई लिखायी असंभव हो गया है।

कांडी प्रखंड के गरदाहा हाईस्कूल में लगातार असामाजिक तत्वों और चोरों का दुष्कृत्य जारी है। 17 फरवरी की रात स्कूल के भवन की दीवार तोड़ डाली गयी। इसके बाद रनिंग वाटर के अंडर ग्राउंड पाइप को तोड़कर फेंक दिया गया। ठीक दसवें दिन 26 फरवरी की रात में पुनः दूसरी जगह दीवार व एक खिड़की तोड़ कर अंदर घुसे अपराधियों ने शिक्षक सदन का ताला तोड़कर बायोमेट्रिक हाजिरी का टैब और मंत्रा, 4 फुटबॉल, 4 वॉलीबॉल, 4 सेट क्रिकेट का बैट बॉल, 4 सेट बैडमिंटन, 2 सेट नेट, 5 सेट चेस सहित कई खेल सामग्री चोरी कर ली। हाजिरी बही को लाल पेन से क्रॉस कर दिया गया।

यहां पहले भी दो-दो बार आईसीटी कंप्यूटर क्लास का दरवाजा तोड़कर कंप्यूटर और उसके उपकरणों की चोरी की जा चुकी है। तभी से कंप्यूटर की पढ़ाई बंद हो गयी। ताला तोड़ने की घटना तो कई बार घट चुकी है। आखिर क्या चाहते हैं लोग? यह लाख टके का विचारणीय प्रश्न है।

प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने भवन के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मति करायी और मुख्य गेट लगवाया। रनिंग वाटर की व्यवस्था करायी गयी और भी बहुत कुछ बेहतर करने की उनकी योजना थी। लेकिन करें तो आखिर कैसे करें। दीवार तोड़े जाने को लेकर 18 फरवरी को और चोरी को लेकर 27 फरवरी को कांडी थाना में प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने एफआईआर दर्ज करा दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना भी किया है।

# संगठनात्मक स्वरूप को धरातल पर उतारें: सुदेश महतो

**राजनीति पार्ट टाइम नहीं, फुल टाइम जिम्मेदारी और जवाबदेही**

**समन्वय-सामंजस्य बना कर काम करने की आवश्यकता**

**आजसू पार्टी के रांची लोकसभा और जिले के प्रभारियों संग बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी अपनी क्षमता से राज्य में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। आप सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए प्रतिदिन जमीनी स्तर पर कार्य करें। राजनीति पार्ट टाइम नहीं फुल टाइम जिम्मेदारी है। मुद्दों के साथ सेवाभाव से काम करें। पार्टी कार्यकर्ता के साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनने की आवश्यकता है। हमें आपस में समन्वय और सामंजस्य बना कर काम करना है। रांची के हर घर, गली, अपार्टमेंट में पार्टी के शुभचिंतक हैं, उन्हें पार्टी से जोड़ने की जरूरत है। सुदेश महतो गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में रांची लोकसभा-जिले के प्रभारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान नवनियुक्त लोकसभा, विधानसभा, प्रखंड प्रभारियों का स्वागत और सम्मान किया गया।

मौके पर उपस्थित सभी को सुदेश महतो ने डी थ्री का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को डेडिकेशन, डिसिप्लिन और डिटरमिनेशन यानी समर्पण, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के साथ संगठन विस्तार, मजबूती और क्षेत्र की समस्या को उठाने की जरूरत है। जनता के बीच रहकर उनके विश्वास को जीतना है। राज्य में व्याप्त अराजकता के खिलाफ हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाने और राज्य सरकार की वादाखिलाफियों के बारे में जनता को अवगत कराने को कहा। कहा कि आजसू आंदोलन से उपजी पार्टी है। सभी कार्यकर्ता एसी कमरों में बैठ कर नहीं जमीनी स्तर पर उतरकर काम करें।

## सल्लू को बताया बेस्ट कैडर

सुदेश महतो ने सिल्ली विधानसभा समेत रांची जिला के बेस्ट कैडर शादाब राजा सल्लू खान को बताया। उन्होंने कहा कि सल्लू खान दिन-रात क्षेत्र के गरीब, असहाय और बेसहारों की सेवा में लगे रहते हैं। रिम्स आने वाले मरीजों के लिए दिन रात कार्य करते हैं। जनता के प्रति उनका समपर्ण उन्हें रांची जिला का बेस्ट कैडर बनाता है।

## इनकी रही मौजूदगी

डोमन सिंह मुंडा, देवशरण भगत, मुकुंद चंद्र मेहता, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, जयपाल सिंह, अशोक नाग, निर्मला भगत समेत अन्य मौजूद थे।

# झामुमो में शामिल एक भी एआइएमआइएम के सदस्य नहीं : मजहर हुसैन



**रंका(आजाद सिपाही)।** झामुमो में पिछले दिनों शामिल होने वालों में एक भी सदस्य एआईएमआईएम के नहीं है। उक्त बातें एआईएमआईएम के जिला मिडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी ने कही। उन्होंने कहा कि झामुमो के ही पुराने चंद कार्यकर्ताओं को बुलाकर उन्हें माला पहनाकर फोटो खिंचकर नाम एआईएमआईएम का दिया गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो में शामिल होने वाले एआईएमआईएम कार्यकर्ता तो छोड़िए सदस्य भी नहीं है। झामुमो के द्वारा एआईएम आईएम पार्टी के बढ़ते जनाधार को रोकना चाह रहे हैं। लेकिन मजलिस पार्टी तमाम लोगों के दिल में बस्ती है।

## ढिबरा लदा पिकअप वाहन जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने बुधवार की रात लोहासिकार के समीप ढिबरा लदा पिकअप वाहन जब्त किया है। जंगल से ढिबरा लोड कर पिकअप वाहन तिलैया की तरफ जा रहा था, जिसके बाद वन विभाग का गाड़ी को देखते हुए गाडी स्पीड में भागने लगा। लोहासिकार के समीप चालक अंधेरे के लाभ देखकर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। इसके बाद वन विभाग की टीम ने गाड़ी ढिबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त करके वन परिसर लाया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 5 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है। मौके पर प्रभारी वनपाल हीरामन उराव, राहुल सिंह, मो जावेद और अन्य होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## घंघरी में शिवरात्रि पूजा समिति का गठन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम घंघरी में शिवरात्रि पूजा समिति के गठन को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि धूमधाम से शिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। इसके लिए आपस में अर्थ संग्रह भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता महेश पांडेय ने की। बैठक में समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष शशि कुमार पांडेय, सचिव अमर सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह बनाये। मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आर के एकेडमी में जेपीएससी क्रैश कोर्स शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरू चट्टी कुशवाहा धर्मशाला के नजदीक संचालित आरके एकेडमी मे 1 मार्च मतलब आज से आगामी परीक्षा झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के तैयारी के लिए क्रैश कोर्स का आरंभ किया जा रहा है। जेपीएससी मे तैयारी सुनिश्चित कराने के लिए संस्थान मे साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन भी करवाया जाता है। इसके साथ ही संस्थान मे एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, अग्निवीर आदि के लिए भी विभिन्न बैच चलाया जा रहा है। संस्थान के निर्देशक रंजीत कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य है गांव से अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी नौकरी दिलाना है। चुकी बड़का गांव के गरीब गूरबा छात्र-छात्राएं बड़े-बड़े शहरों में जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते हैं इसी को लेकर सभी सुविधा हम बड़कागांव में ही उपलब्ध कराते हैं ताकि यहां के ग्रामीण बच्चे भी प्रतियोगिता परीक्षा में सफल हो सके।

## अवैध कोयला लदा वाहन जब्त

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुधमटीया से वाहन चेकिंग के दौरान अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ाया गाड़ी छोड़ चालक फरार हो गया बता दे की वरीय पदाधिकरी को सूचना मिली की 12 चक्का ट्रक JH 02 AK 2363 नंबर का ट्रक में अवैध कोयला जा रहा है उनके निर्देश पर टाटीझरिया के दुधमटीया में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन में अवैध कोयला लगभग 25 से 30 टन कच्चा कोयला लदा था अवैध कोयला के उत्खलन कर तस्करी एवम परिवहन करने के आरोप में गाड़ी जब्त कर थाना कांड संख्या 11/24 अंकित कर मालिक और चालक पर मामला दर्ज किया गया।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोपालडीह में ऑक्सफोर्ड किड्स प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डॉ जहांगीर आलम और संचालन प्राचार्य देवेंद्र कुमार ने किया। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ जहांगीर आलम ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए सभी अभिभावक को अपने बच्चों को शिक्षित करना उनकी नैतिक जिम्मेवारी बनता है। उन्होंने कहा कि विद्या से कोई बड़ा धन नहीं, परोपकार से बड़ा कोई काम नहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी महिला सीमा देवी, मंजु देवी, तसीना खातून ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत एकांकी नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षक दिलशान खान, राकेश तिवारी, प्रदीप कुमार यादव, सोनी भारती, समायरा खान, जैनव प्रवीण, रिती कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र में दिये जा रहे एक्सपायरी दवा



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोगीडीह में उप स्वास्थ्य केंद्र में एक्सपायरी दवा मरीजों को दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता हैं कि उप स्वास्थ्य केंद्र जोगीडीह के प्रभारी डॉक्टर सूर्य कुमार और एएनएम मनोरमा कुमारी के देखरेख में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है जहां मरीजों को एक्सपायरी दवाई दी जा रही है जिससे रोगी स्वास्थ्य होने के बजाय बीमार हो रहे हैं। यहां गरीब मजदूरों और आम लोगों को अनपढ़ समझ के दवाइयां को दिया जा रहा और बताया जाता है ऐसा ही दवा मिलता है। ग्रामीण संगीता देवी, यशोदा देवी, रेखा देवी, रूक्मिणी देवी, चिंता देवी, शकुंती देवी, संजू देवी, आरती देवी, सोनम देवी, प्रमिला देवी, उर्मिला देवी आदि ने बताया कि आस पास के लोग जब ईलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र जाते है तो मनोरमा कुमारी बोलती है कि दवा खत्म हो गया है, बाहर से दवा लेलो, जब ईलाज के लिए गरीब मजदूर को समय समय पर दवा दे दिया जाता तो दवा एक्सपायरी क्यों होता ग्रामीणों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र जोगीडीह कभी भी समय पर नहीं खुलता है और समय से पहले ही बंद करके चले जाते है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामाशीष चौधरी ने बताया कि यह मामला सामने आने के बाद जांच की गयी तो एक्सपायरी दवाई मिला है, पर उसे किसी को दिया नहीं गया है।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सतगावां थाना क्षेत्र के नरायडीह सकरी नदी के समीप गुरुवार को सतगावां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस को देखकर चालक सकरी नदी किनारे गाड़ी लगाकर भाग गया। पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को जप्त कर सतगावां थाना लाया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि पकड़े गये तीन ट्रैक्टर पर कार्रवाई की जा रही है।

# तीन किलो अफीम के साथ पांच गिरफ्तार

**पांचों नशा कारोबारी चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**छापामारी टीम**
कुमार शिवाशीष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, संदीप कुमार थाना प्रभारी लोहसिंघना थाना और लोहसिंघना थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

**हजारीबाग।** नशा कारोबारीयो पर नकेल कसने को लेकर हजारीबाग पुलिस लगातार प्रयासरत रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नशा कारोबार करने वाले पांच कारोबारियों को सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में लोहसिंघना थाना क्षेत्र के ओकनी तालाब के पास से पकड़ा गया है। पांचों कारोबारी 3 किलो से अधिक मात्रा में अफीम बेचने हजारीबाग के ओकनी आये थे, जिसकी भनक हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को लग गयी। एसपी ने सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया। एसपी ने बताया की छापामारी के दौरान ओकनी तालाब के नजदीक तीन मोटरसाईकिल पर 4-5 लोग बैठे हुये है। जैसे ही छापामारी टीम मोटरसाइकिल के पास पहुंची तो मोटरसाइकिल में बैठे लोग मोटरसाईकिल छोड़ कर भागने लगे, भागने के दौरान छापामारी टीम के द्वारा पीछा कर पांच लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये पांचों व्यक्तियों की पहचान सुखराम मुण्डा पिता बिरसा मुण्डा ग्राम ढेकाटांड, हरीश कुमार पिता सुरेश दांगी ग्राम तेतरीया, अभिषेक कुमार पिता निर्मल दांगी ग्राम तेतरीया, निकेतन कुमार पिता बिनोद दांगी ग्राम लोम्बोइया और लकराई मुण्डा पिता सोमा मुण्डा ग्राम पलाटी बेड़ा सभी थाना पथलगड़ा जिला चतरा के रूप में हुई है। पांचो के पास से लगभग 3 केजी के आस-पास प्लास्टिक में रखा अफीम बरामद किया गया। साथ ही वजन करने का छोटा मशीन और बाइक भी बरामद किया गया। पांचों के विरूद्ध लोहसिघना थाना में कांड सं-42/24 दर्ज कर पुलिस आगे का अनुसंधान कर रही है। एसपी ने बताया की ये सभी नशा कोरोबारी हैं और अफीम जैसे नशा पदार्थ चतरा से लाकर हजारीबाग जैसे शहरों में बेचने का काम करते हैं।

### मुखिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की शिकायत

# बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के योग्य लाभुक अबुआ आवास से हो रहे हैं वंचित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार की महात्वाकांक्षी योजना अबुआ अवास योजना में बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। कुछ सरकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ के चलते गरीबों को आवास से हाथ धोना पड़ रहा है। यह बात बरकट्ठा उत्तरी पंचायत मुखिया प्रमिला देवी और मुखिया संघ अध्यक्ष सह सलैया पंचायत मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर बरकट्ठा प्रखंड के उतरी पंचायत में अबुआ अवास का 57 लाभुको का लक्ष्य मिला था। जिसमें 45 लाभुक का जियो टैग किया गया। लेकिन प्रखंड समन्वयक अजय जयसवाल, पंचायत सचिव ललित किशोर पांडे, पंचायत सचिव ललित कुमार बर्मन के निजी लाभ व लापरवाही के चलते बरकट्ठा उत्तरी पंचायत में 12 योग्य लाभुकों का चयन नहीं किया गया, वहीं सलैया पंचायत के मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि कोडीनेटर अजय जयसवाल और पंचायत सचिव ललित बर्मन मुझे आवास को लेकर कुछ भी बताने से इंकार किया और कहा कि आप कौन होते हैं यह सब पुछने वाले। जिससे पंचायत के गरीब वंचित दलित पिछड़ा परिवारों को सरकार का महत्वाकांक्षी योजना सबको घर सबका आवास से वंचित कर दिया गया।

45 योग्य लाभुकों का चयन के बाद प्रखंड समन्वयक अजय जायसवाल, पंचायत सचिव ललित किशोर पांडे, आवास ऑपरेटर परमेश्वर तुरी के द्वारा अपने निजी हित में लाभ नहीं मिलने के कारण 12 जियो टैग किये गये योग्य लाभुकों का चयनित सुची से नाम हटा दिया है। इसी को लेकर मुखिया द्वारा मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, मुख्य सचिव, उपायुक्त उपविकास आयुक्त, एसडीओ, बीडीओ को आवेदन देकर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## दो मार्च को निकलेगी कलश यात्रा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आगामी 2 मार्च से जामु के राणा मुहल्ला में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर 2 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणा व यज्ञाचार्य कृष्ण देव कन्हैया जी महाराज ने संयुक्त रूप से दी। लोगों ने बताया कि यज्ञ को लेकर सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। साफ - सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। गुरुवार को जामु क्षेत्र का गली गली का साफ सफाई यज्ञ समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के द्वारा किया गया। उनलोगों के द्वारा उन लोगों ने बताया कि प्रतिदिन भागलपुर से पधारी कथा वाचिका संगीता सुमन का संगीत में प्रवचन होगा। महा यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, जामु पंचायत मुखिया नीता कुमारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कैलाश प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया चंद्रिका प्रसाद, रविंद्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, बैजनाथ राणा, श्यामसुंदर राणा, विकास राणा, नेहरू राणा, मुकेश राणा, विजय राणा, अजय राणा, विवेक कुमार, शिवशंकर कुमार, यमुना राम, मुरारी राम, शंभू गोस्वामी, प्रकाश राम, शिवाशंकर राणा आदि लगे हुए हैं।

### हजारीबाग में जिला स्तरीय स्वीप कार्यशाला का आयोजन

# समावेशी चुनाव प्रक्रिया में ट्रांसजेंडरों की भी भूमिका महत्वपूर्ण: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जेंडर इक्वालिटी के तहत थर्ड जेंडर मतदाताओं को समावेशी चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित कर चुनाव आयोग ने अच्छी पहल की है। आज थर्ड जेंडर को वोटर आइडी कार्ड सौंपना चुनावी भागीदारी की ओर एक सकारात्मक पहल है। उक्त बातें नगर भवन में आयोजित ट्रांसजेंडर उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों की सामाजिक जागरूकता और स्वीप कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय ने कही। उन्होंने कहा भारत में ट्रांसजेंडर को भी कई कानूनी अधिकार दिये गये हैं। भारत के सभी नागरिक मताधिकार के हकदार है, ट्रांसजेंडर के अधिकारों उनके हकों को लेकर आज जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित करना निश्चय ही सराहनीय कदम है। इनकी जरूरतों, अधिकारों, सम्मान के लिए जिला प्रशासन सदैव सहयोग के लिए प्रयत्नशील है। उपायुक्त ने उपस्थित सभी ट्रांसजेंडर को शॉल, गिफ्ट और वोटर कार्ड देकर सम्मानित किया साथ ही उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी।

**स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन:** इस कार्यक्रम के माध्यम से समावेशी चुनाव के व्यापक प्रसार के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत ट्रांसजेंडरो के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान कई कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित लोगों के बीच जन जागरुकता के लिए विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुती दी। कलाकार अमिताभ श्रीवास्तव के विभिन्न फिल्मी अदाकारो की आवाज में लोगों को लुभाया साथ उन्हीं की आवाज में उपस्थित लोगों से चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मूक बधिर बालिका निकिता ने एक फिल्मी गीत पर नाट्य प्रस्तुति देकर लोगों मन मोहा।

# आइसेक्ट विवि में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**पहले दिन फुटबॉल, हाई जंप और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिताएं हुई**

**स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और मन निवास करता है : डॉ मुनीष गोविंद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने मशाल जलाकर इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों में समावेशी विकास के मद्देनजर शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। ऐसे में सभी विभागों के विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग खेल के मैदान में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य कार्यों में हिस्सेदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। डीएसडब्ल्यू डॉ एसआर रथ ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से परंपरागत और स्थानीय खेलों को भी वार्षिक खेलकूद के जरिए बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल अध्यक्ष उदय रंजन ने बताया कि पहले दिन गुरुवार को फुटबॉल, 100 मीटर दौड़ और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी 2 मार्च को समापन के मौके पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, संययोजक रविकांत कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार दांगी, पंकज प्रज्ञा, राहुल राजवार, अजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बच्चों के बीच बांटी गयी पोशाक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अमनारी और + 2 उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरपो में वर्ग प्रथम और द्वितीय के छात्र, छात्राओं के बीच ड्रेस, जूता, स्वेटर, मौजा का वितरण अमनारी स्कूल में मुखिया स्वास्तिका कुमारी, झरपो विद्यालय में उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने किया इस कार्य में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय उपस्थित थे। बच्चों को मुखिया स्वास्तिका कुमारी और उपप्रमुख बर्नवाल ने कहा कि बच्चों को जो समान मिला है उसे प्रतिदिन विद्यालय पहन कर आना है। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि, कुलदीप पासवन, बलराम प्रसाद झरपो में मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवार, कोलेश्वर मिश्रा, पिंटू कुमार रवि, उषा कुमारी सहित उपस्थित थे।

## डाडीघाघर में झामुमो ने निकाला न्याय यात्रा




**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाडीघाघर पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओ ने न्याय यात्रा निकाला। इस क्रम में सरना स्थल में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। पुजारी शिव दुलार टुडू ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जल्द से जल्द बाहर निकालने को लेकर प्रार्थना की। झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली के मुख्य सदस्य मनोहर राम ने कहा की केंद्र सरकार के द्वारा षड़यंत्र के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसा कर जेल भेजने का काम किया गया है। जल्द से जल्द न्याय मिलेगा और वो जेल से निकलेंगे। झारखंड में भाजपा का चुनाव सफाई होगा। चाहे लोकसभा चुनाव हो विधानसभा चुनाव सभी में भाजपा मुंह की खायेगी और जेएमएम मजबूती से आयेगी। इस कार्यक्रम में बाबुलाल हसदा, आंदोलनकारी रामप्रवेश सिंह, सुरेश टुडू, पंचायत अध्यक्ष दाड़ी घाघर, सुरेश मांझी, डाढा पंचायत अध्यक्ष लखीराम मांझी, महादेव मांझी, दुलारचंद साहब, दिगंबर मेहता, निर्मल गांझू, पानू देवी, मालो देवी, फुल मनी देवी, विनीता देवी, सुरेंद्र तुरी, जगदीश बासके, अजय मरांडी, शिबू टुडू, राम सहाय मांझी, विजय भोक्ता, मोहन सोरेन, लकी राम मांझी, लालजी मांझी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। बनासो मे नुक्कड़ नाटक के जरिये ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय ने जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए उत्साहित और प्रेरित करने की बात कही। महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने प्रशिक्षुओं के मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाया और कहा कि 'मतदान सभी का अधिकार है, सभी को मतदान और मतपत्र की जानकारी होनी चाहिये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने प्रशिक्षुओं को कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जनमानस में जागरूकता आती है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा ने कहा कि मतदान देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है। मौके पर बबली कुमारी, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज कुमारी श्रीवास्तव, चंदन कुमार, राजेश कुमार वर्मा, भुवनेश्वर कुमार महतो, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, नाजरा खातून, सुनीताशर्मा आदि उपस्थित थे।

## बादम में पुल का अंबा प्रसाद करेंगी शिलान्यास



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बादम पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर स्वीकृत हुई लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल का आगामी दिन रविवार को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी की गयी। विदित हो कि बादम पंचायत के राउतपारा से बादम के बीच स्थित बदमाही नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण होना है। पंचायत भवन में आहूत बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश इंटक सचिव अंकित राज भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने एवं संचालन पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव ने किया। बैठक के दौरान पंचायत के विकास योजनाओं की समीक्षा की गई एवं कई विकास योजनाओं का चयन भी किया गया। वही कोर कमेटी के माध्यम से आए प्रस्ताव पर योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए अनुशंसा पत्र भी ग्रामीणों के बीच सोंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज, प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, शमशेर आलम, पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, फिरोज, उमाशंकर कुमार, विक्रम गुप्ता, गोविंद महतो, मोहन साव, सारिका असरफ, काशीनाथ साव, अशोक साव, अहमदुल्लाह, चैतलाल महतो, सफदर खान, मंजर खान, मोहम्मद फैसल, संजय प्रजापति चंद्रदेव राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन के लिए आवश्यक सूचना

**हजारीबाग।** निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची और राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले नामांकन को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कराने के निमित तैयार पोर्टल rtehazaribag.in का आज दिनांक-29 फरवरी को उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा लांच किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा परियोजना, हजारीबाग उपस्थित थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले ऑनलाईन नामांकन के लिए दिनांक-01.03.2024 से 16.03.2024 तक तिथि निर्धारित की गयी है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। उपायुक्त दने संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## प्रभात कुमार ने कपड़ा दुकान का किया उद्घाटन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के अंतर्गत थाना चौक के पास बृहस्पतिवार को (हाई फैशन) कपड़ा दुकान का उद्घाटन लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक रूप से फिता कर किया वहीं विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मैं सबसे पहले हाई फैशन कपड़ा दुकान के संचालक अरमान जी को तहे दिल से धन्यवाद करता हूं की जिन्होंने लातेहार में नए प्रतिष्ठान कपड़ा दुकान खोलने का काम किया है। नये प्रतिष्ठान दुकान खुलने से लातेहार वासियों को काफी सहूलियत होगा साथ ही शहर का विकास भी होगा। वहीं आफताब आलम ने कहा कि महिला एवं बच्चों के लिए ये कपड़ा दुकान अच्छा साबित होगा। संचालक अरमान अंसारी ने कहा कि हमारे यहां महिला पुरुष या बच्चों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। साथ ही हमारे यहां जो भी कस्टमर आय उनके लिए चिप बेस्ट में कपड़ा उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं मौके पर जिला परिषद विनोद उरांव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, हरिशंकर यादव, अब्बास अली समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को समाहरणालय कक्ष में नेशनल खेल कराटे स्कूल गेम, साइकलिंग एवं राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोहरदगा जिले के खिलाड़ियों जिनमें गतका प्रतियोगिता के विजेता मुकेश उरांव, कुमकुम कुमारी, संतोषी कुमारी, अंजलि कुमारी और मिहिर कुमार त्रिपाठी। नेशनल खेल स्कुल कराटे गेम में शानदार प्रदर्शन करने वाले राज बाबु महली, हेमा कुमारी, करुणा उरांव, सोनिका कुमारी, अनुष्का लोहरा, काजल कुमारी, रीना उरांव, सरिता कुमारी और गायत्रि कुमारी एवं साइकलिंग में तीन बार के गोल्डमेडलिस्ट रहे रामबिलास पासवान शामिल हैं। इनके अलावा बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित हुए खिलाड़ियों के कोच अमित कुमार सिंह को भी मेमोंटो देकर सम्मानित किया, और बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में झारखंड समेत लोहरदगा का नाम रौशन करने की बात कही। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नूर आलम, एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय, केजीबीजी कुजरा की वार्डेन मेनका प्रजापति उपस्थित थीं।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में मुआवजा की स्वीकृति दी गयी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से छह एजेंडा पर चर्चा हुई और मुआवजा संबंधी निर्णय लिये गये। इसमें पानी में डूबने से दो मामले, सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान के 11 मामले, आगजनी से मृत्यु का एक मामला, आगजनी से मकान क्षतिग्रस्त होने के दो मामले (आंशिक क्षति), अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के लाभुकों को मुआवजा भुगतान के 50 मामले, वज्रपात से मृत्यु के 07 मामले और सर्पदंश से मृत्यु के मामले में विचारोपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने मंडल रोड बनाने की उठायी मांग



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान शून्य काल के माध्यम से बरवाडीह प्रखंड के बहुचर्चित मंडल डैम परियोजना जाने वाली सड़क बनाने को लेकर सदन में आवाज बुलंद करने का कार्य किया।जहां इस दौरान उन्होंने मंडल रोड बनाने की मांग रखी। बता दें कि बरवाडीह- मंडल जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति जर्जर हो गयी है। इस मार्ग में वाहन का चलना तो दूर अब लोगों को पैदल चलने में भी काफी तकलीफ हो रही है। सड़क पर बने गड्ढों ने ग्रामीणों की तकलीफें बढ़ा दी हैं। आए दिन इस मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस पथ की स्थिति पता होने के बावजूद चुप्पी साधना लोगों को रास नहीं आ रहा है। इस सड़क के बन जाने से लोगो को राहत भी मिलेगी छतीसगढ़ जाने मे भी दूरी कम होगी वही मंडल रोड के सड़क बनाने की मांग सदन में विधायक के द्वारा उठाने पर लोगो ने कांग्रेसी नेता अनिल सिंह, मनोज जायसवाल, दीपू तिवारी, सुरेश मिश्रा, प्रेम कु सिंह उर्फ पिंटू, प्रिंस गुप्ता समेत अन्य ग्रामीणों ने बधाई दी है।

## मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाने का दिया निर्देश



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता जागरूकता हेतु सामान्य स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में बीडीओ रंजीत सिन्हा,सीओ दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में सभी सुपरवाइजरों संग की बैठक की । आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित कर स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में उल्लेखित है कि स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु तत्काल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एक स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गयी है । इसके साथ-साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नवप्रवेशित नये छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु प्रेरक कार्यक्रम चलाया जाये जिसमें कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का विशेष सहयोग लिया जाये। ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचार कराया जाये। इस मौके पर थाना प्रभारी अरबिंद सिंह,धर्मदास भगत,गौरव गौरीश सहित कई लोग मौजूद थे।

### बसिया महिला विकास मंडल का नौवां महाधिवेशन मना

# अधिकार के प्रति जागरूक हों महिलाएं : सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया/ गुमला ।** महिला विकास मंडल बसिया का 9 वाँ महाधिवेशन गुरुवार को एनएचपीसी मैदान कोनबीर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो के स्वागत के तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवम झंडोतोलन मशाल प्रज्वलन कर किया।

बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि जिस लक्ष्य को लेकर महिला मंडल का गठन किया गया था उसका परिणाम आज हमे देखने को मिल रहा है। आज मातृ शक्ति सशक्तिकरण की और आगे बढ़ रही है। आर्थिक दृष्टिकोण ओर सामाजिक दृष्टिकोण से भी हम सुदृढ़ हो रहे है। उन्होंने कहा कि




मातृशक्ति को 33%आरक्षण का लाभ संबंधी बिल भी लोक सभा मे पास हो चुकी है। इससे मातृशक्ति अपने अधिकार को पहचान पाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार महिलाओं के लिए कई तरह की योजना चला रही है जिसका लाभ लेकर आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। महिला अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। समाज मे फैले कई तरह की कुरीतियों का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। जिसके प्रति हमे सजग रहने की आवश्यकता है। बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित जिला परिषद जिला अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीलमणि टोप्पो ने कहा कि महिला विकास मंडल बसिया फेडरेशन की स्थापना अक्टूबर 2012 में हुई थी। यह बसिया प्रखंड के 15 पंचायतों के सभी 88 राजस्व गांव में फैला हुआ है। अभी तक कुल 9568 परिवारों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास किया गया। साथ ही कहा कि गांव के विकास के लिए नशापान महिला उत्पीड़न शिक्षा के स्तर में गिरावट स्वच्छता पानी अंधविश्वास जैसी बाधाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला मंडल का उद्देश्य महिलाओं को संगठित कर स्वावलंबी बनाना है।

इस मौके पर रोशन बरवा, बिनोद भगत, निकोलस मुंडा, बिजय सिंह, बीपीएम विनोद कुमार, सुपरवाइजर डेजी कुजुर, मुक्त सोरेंग, मंजू पांडेय, विश्वासी कुजर, लीलावती देवी, एमरेंसिया सुनीता देवी आशा देवी गायत्री देवी सहित मंडल के दीदी उपस्थित थे।

## विकास कार्य में गुणवत्ता का अभाव देख भड़के ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** विकास कार्य में गुणवत्ता का अभाव को देखते ही ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का बहिष्कार कर मुखिया एवं जिला परिषद को अवगत कराया। यह मामला अरु पंचायत के बांधटोली में देखने को मिला। अरु पंचायत में एनएच 143 ए मुख्य पथ से लगभग 15 किलोमीटर तक पथ निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। जिसमे कालीकरण तथा जगह जगह पर पीसीसी पथ निर्माण किया जाना है। इस निमित अरु बांधटोली में पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा था। जिसमे अनियमितता को देख ग्रामीणों ने कार्य को गुणवत्ता का अभाव बताते हुए निर्माण कार्य को बंद



कराने का गुहार लगाया और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में काम रूकवाने का कार्य किया गया। परंतु निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के अभाव को सुधारने की बात पर कार्य आरंभ किया गया। इसके अलावे पूर्व से पथ के किनारे लगाया गया साइज पत्थर को संवेदक के द्वारा निकाल कर पुल पुलिया में लगाने की बात सामने आयी है। आखिर इन लापरवाही के पीछे किन अधिकारी की संलिप्ता है। मेट्रियल का पैसा संवेदक के खाते में जा रहा है। जो जांच का विषय बना हुआ है।

## फ्लाइंग स्क्वायड और सर्विलांस टीम को मिला प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त फ्लाइंग स्क्वायड और स्टेटिक सर्विलांस टीम को समाहरणालय परिसर स्थित अभिलाषा कक्ष में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा और जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त आवश्यक दिशा-निदेर्शों के पालन के बारे विस्तार से बताया गया। साथ ही रिपोटिंग व उसकी डेटा इंट्री सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इंट्री किये गये रिपोर्ट की किन-किन स्तर पर समीक्षा की जानी है, उसकी जानकारी दी गयी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईएसएमएस पोर्टल व मोबाईल एप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में ईएसएमएस एप व पोर्टल एवं सी-सिविल एप द्वारा रिपोटिंग व मॉनिटरिंग की जानकारी मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दी ग।

## नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान चलाया गया

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक, हारिस बिन जमां, सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवम थाना प्रभारी, सेरेंगदाग के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। यह अभियान सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात तथा गमहरिया के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक, हारिस बिन जमां ग्रामीणों से मिले। उनसे अपनत्व का बोध कराया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। एसपी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई करने की बात कही। इस क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव के लिये पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया गया।

## खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं, तराशने की जरूरत : नेसार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के ग्राम बारीडीह में यूथ क्रिकेट क्लब हुरहद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नेसार अहमद प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े, कुडू प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल अंसारी, यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी एवं संगीता उरांव शामिल हुई। अतिथियों के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ किये इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें जोंजरो की टीम और मेलानी की टीम फाइनल में जगह बनाने में



कामयाब हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद कहा कि लोहरदगा जिले के ग्रामीण युवाओं में भी क्रिकेट के प्रति काफी दिलचस्पी बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें तराशने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आयोजन कताओं को भी बधाई दिया अंत में विजेता उपविजेता समेत व्यक्तिगत तौर पर अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## ऑटो के पलटने से पांच लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के मांझा टोली के समीप तेज रफ्तार ऑटो के पलट जाने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। जहां इलाज के क्रम में हल्की चोट लगने पर दो लोगों को प्राथमिक उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल रायडीह थाना क्षेत्र के तुलमुंगा निवासी रमेश सिंह व मांझा टोली निवासी सिस्टर ज्योति एक्का व अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पांच लोग ऑटो में सवार होकर मांझाटोली से गुमला आ रहे थे। इसी क्रम में मांझाटोली के पास सड़क पर एक मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के क्रम में ऑटो की रफ्तार अधिक होने से वह पलट गयी, और ऑटो में सवार लोग घायल हो गये।

## शिविर में दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरण वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा दिव्यांगजनों को अंगीय उपकरण का वितरण किया गया। गुरूवार को गुमला के नगर भवन के सभागार में एक शिविर आयोजन कर दिव्यांगों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरण किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत मौजूद थे। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को एक विशेष अनुशंसा की थी ताकि गुमला एवं लोहरदगा जिला के दिव्यांग भाइयों एवं बहनों को एक साथ एक शिविर लगाकर



सभी को आवश्यक सहायक उपकरण वितरण किये जायें ताकि किसी लाभार्थी को और इंतजार न करना पड़े।

उसी अनुशंसा के तहत समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा 29 फरवरी को गुमला के नगर भवन के सभागार में एक शिविर आयोजन कर दिव्यांगजनों को सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत सरकार की एडीप योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण दिव्यांगजनों को माननीय सांसद सुदर्शन भगत एवं माननीय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के हाथों प्रदान किये गये। इस शिविर आधारित सम्मेलन का मंच संचालन कुत्रिम अंग बनाने वाली एलिम्को कंपनी के डॉ संजय मंडल ने की।

अतिथि सुदर्शन भगत ने कहा कि इन शिविरों का आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि हमारे दिव्यांग भाइयों एवं बहनों के सशक्तिकरण और गरिमामयी जीवन यापन हेतु उनके उत्थान और विकास के समान अवसर उपलब्ध किये जा सके। जिससे कि वे समाज के मुख्य धारा से जुड़ कर अपने जीवन की स्वावलंबी बना सके।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलंबी व सशक्त करने के उद्देश्य को पूरा किया जा सके और उन्हें समाज के मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सके।

## भाजयुमो ने युवा चौपाल का किया आयोजन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा भारतीय जनता युवा मोर्चा कामडारा मंडल में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंह की अध्यक्षता में शक्ति केन्द्र रामपुर ग्राम टाटी में युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल को विस्तार पूर्वक युवा साथियों के बीच बतलाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के गांव के युवा एकत्रित हुए। जिससे भाजपा नेताओं ने संवाद किया। मुख्य वक्ता के रूप में भाजयुमो जिला महामंत्री अभिषेक चंद्र उरांव, भाजयुमो मंडल महामंत्री विनायक दास गोस्वामी, भाजपा सदस्य संतोष साहू , पसंस ज्ञान प्रसाद साव, विपिन बिहारी सिंह, विष्णु गोप, अनूप जयसवाल, भुनेस्वर सिंह, अमित साहु, नरेश सिंह, गोवर्धन साहू , सुदर्शन मिश्रा राजकिशोर साहू सहित अन्य युवा साथी उपस्थित थे।

## हाइवा और ट्रक में टक्कर, ड्राइवर सुरक्षित

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बरटोली के निकट बीती बुधवार की मध्य रात्रि में एक हाईवा ट्रक और एक 407 ट्रक के बीच हुई भिडंत। इस घटना मे उक्त दोनों वाहन के चालक व उपचालक पूरी तरह से सुरक्षित है। बताया जा रहा कि हाइवा ट्रक नं जेएच 02 ए एम 1668 सिमडेगा से गोमिया जा रही थी। जबकि 407 ट्रक गाड़ी नं जेएच 01 जे 9103 रांची से सिमडेगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान कामडारा-बेडो मुख्य पथ पर कामडारा बरटोली के समीप रात में आमने-सामने से भिडंत हो गयी है। फिलहाल कामडारा पुलिस उक्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे लेने के उपरांत पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## खेल-खेल में मासूम बच्चे ने पुआल में लगायी आग, तीन झुलसे



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के रायडीह प्रखंड क्षेत्र के खीराखाड़ नवाडीह गांव में गुरुवार को खेल खेल में तीन मासूम बच्चे खुद के द्वारा लगाये आग में जलकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बच्चो की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में तीनों मासूम बच्चों को प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने अधिक झुलसने के कारण तीनों को रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है गांव के ही तीन छोटे-छोटे बच्चे पुवाल के ढेर में खेल रहे थे। जिस दौरान एक बच्चे को माचिस मिल जाने पर उसने पीछे से आग लगा दिया और खेलने लगा। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। जिसमें सोनी कुमारी 3 वर्ष, निर्मल खड़िया 4 वर्ष, और अनीश खड़िया 4 वर्ष आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गये।

## बूढ़ा महादेव बाबा धाम शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के बुमटेल में देव खर्रा बूढ़ा महादेव बाबा धाम के मंदिर निर्माण हेतु बेंदोरा में बैठक का आयोजन किया गया। मंदिर निर्माण को लेकर समिति का गठन किया गया। समिति के स्वामी दिव्यज्ञान ने बताया 8 मार्च को शिवरात्रि है। उसी दिन मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास पूजन कार्यक्रम होगा। जिसके लिए प्रत्येक परिवार के हर सदस्य से एक ईट देना है। श्रद्धालुओं के सहयोग से गुरुवार को 864 ईंट जमा हो गया। बैठक में दिलीप बड़ाइक ,नंदकिशोर नंद, संक्ष्या कोरबा, रविंद्र नाथ शाहदेव, सत्येंद्र सिंह, झुमा सिंह, जितेंद्र सिंह, मनसाय बड़ाइक सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बिजली दरों में वृद्धि करना राज्य सरकार की मनमानी: शिव प्रसाद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के द्वारा बिजली दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले स्थानीय टावर चौक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पुतला दहन किया और राज्य सरकार से बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की।भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कि राज्य की सरकार आज हर क्षेत्र में राज्य की जनता के साथ छलावा कर रही है। चाहे युवा हो महिला हो किसान हो राज्य का हर वर्ग आज स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। यदि बिजली की दरों में कटौती नहीं की गई तो भाजपा के कार्यकर्ता चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रखेगी। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि करके राज्य सरकार राज्य की जनता के ऊपर अन्याय और मनमानी कर रही है। इसका भारतीय जनता पार्टी घोर विरोध करती है। मौके पर सत्यनारायण पटेल, दामोदर कसेरा, भूपन साहू, बाल्केश्वर सिंह, राजेश गुप्ता, विजय मिश्रा, निर्मल गोयल, सविंद्र सिंह, खुशमन नायक, संजय गुप्ता, कौशल साहू, विकास सिंह, संदीप कुमार, सोनामणि देवी, शकुंतला उरांव, रीता देवी, गुड्डी नंदा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने डीसी पहुंचे बसिया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के अध्यक्षता में बसिया और पालकोट प्रखंड की आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में सबसे पहले पालकोट प्रखंड की समीक्षा की गयी। जहां सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह बीडीओ पालकोट के द्वारा बिंदुवार सभी विषय पर गुमला डीसी को प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके उपरांत बसिया प्रखंड के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ सुप्रिया भगत एवं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी शिवशंकर उरांव ने प्रेजेंटेशन दिया। इस समीक्षा बैठक में गुमला डीसी को दोनो प्रखंडों के कुल जनसंख्या, कुल वोटर की संख्या, महिला पुरुष एवं थर्ड जेंडर की जनसंख्या,भौगोलिक स्थिति, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत बूथ की स्थिति,सवेंदनशील बूथों की संख्या, डिलीट वोटरों की संख्या, 80 वर्ष के ऊपर के वोटरों की संख्या,बूथ तक जाने में सड़क की स्थिति, वाहन के पहुंचने की स्थिति, सीमावर्ती जिलों एवं बेरिकेटिंग, रूट चार्ट की स्थिति की जानकारी प्रदान की गयी। डिलीट किये गए वोटर को पुन: जांच करने की बात भी उपायुक्त द्वारा की गयी।

## डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने किया जीसीपीए कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण



**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर, सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर 4 की परीक्षाएं चल रहीं हैं। एनपीयू के डॉक्टर मृत्युंजय कुमार एवं डॉक्टर मिथिलेश कुमार ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पाया की जीसीपीए कॉलेज में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। ज्ञात हो कि जीसीपीए कॉलेज में जपला एके सिंह डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जीसीपीए कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो जितेंद्र कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा से पहले केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की जांच की जा रही है। साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की समुचित व्यवस्था की गई है। कॉलेज द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सीट प्लान एवं रूम नंबर की जानकारी दी जा रही है। मौके पर छतरपुर पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध है।

## पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, सुशील कुमार सिन्हा बने अध्यक्ष




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस मेंस एसोसिएशन के पलामू शाखा का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, सचिव लालू राम, कोषाध्यक्ष विक्रांत दूबे, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अन्केक्षक के रूप में सुनील कुमार ने जीत दर्ज की है। पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव में विक्रांत दूबे ने कोषाध्यक्ष पद से दूसरी बार रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। इनपर पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के लिए लगातार प्रयास करने का जुनून था। उसका फल जवानों ने उन्हें दोबारा सदस्य बना कर दिया है। विक्रांत दूबे पुलिस कल्याण के साथ ही जन कल्याण भी करते रहते हैं। गरीबों को रक्त दिलाना हो या किसी की दुर्घटना में मदद, हर समय तैयार रहते हैं।














| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


### डीसी के निर्देश पर क्रशरों के खिलाफ डीएमओ की कार्रवाई जारी

# मां भगवती स्टोन क्रशर सील

- खनन नियमों का उल्लंघन करने पर की गई कार्रवाई
- पिछले एक सप्ताह में अवैध खनन से जुड़े 10 वाहन जब्त
- 5 लाख 72 हजार रुपए की वसूली की गई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने नौडीहा बाजार क्षेत्र में संचालित कई क्रशरों की जांच की। इस दौरान खनन नियमों का उल्लंघन करने पर मां भगवती स्टोन क्रशर को सील कर दिया गया। विदित हो कि बुधवार को भी छतरपुर में संचालित विभिन्न क्रशरों का अपर समाहर्ता, खनन पदाधिकारी व छतरपुर एसडीएम ने निरीक्षण किया था। गौरतलब हो कि जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की गयी है। डीएमओ द्वारा अवैध खनन से जुड़े 10 वाहनों को जब्त किया गया एवं आठ वाहनों से 5 लाख 72 हजार 500 रुपये की वसूली की गयी है।



क्रशर को सील करने की प्रक्रिया पूरी करते अधिकारी।

## नवनियुक्त सदर एसडीपीओ से बहुत उम्मीदें : दीपक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में पदास्थापित एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद का अनुभव पलामू मुख्यालय के लिए उपयोगी साबित होगा। अपराध मुक्ति के साथ पलामू सोशल पुलिसिंग वाला जिला है, जहां नवनियुक्त एसडीपीओ के अनुभव का लाभ आम जनमानस को मिलेगा। ये बातें झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कही। पदास्थापना के बाद गुरुवार को एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद से मुलाकात कर सदर एवं शहरी क्षेत्र में शांति व्यवस्था पर अनुभव साझा किया। दीपक तिवारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक की कार्यतालिका पलामू में सशक्त पुलिसिंग के तौर पर स्थापित है। आमजन के लिए सरल एवं सुलभ रहेंगे, तो अपराध पर नियंत्रण पाने में सफलता मिलेगी। वहीं एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने भी समाजसेवी दीपक तिवारी एवं व्यवसायी धनंजय सोनी को सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता,व्यवसायी वर्ग को सुरक्षित रखने का भरोसा दिया। बताया कि समाज का सहयोग ही पुलिसिंग की ताकत है। पलामू सशक्त एवं संपन्न जिला है, यहां अपराध की चूनौति को निपटने के लिए पलामू पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, परवेज अख्तर आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद विधायक ने किया 3 सड़क निर्माण कार्य योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती खड़गपुर पंचायत अंतर्गत गिद्धि, भांवर और विश्वकर्मा नगर में पीसीसी और मिट्टी मोरंग से बनने वाली तीन सड़क निर्माण कार्य योजना का ऑन लाइन शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र की रूप रेखा तैयार कर यहां के लोगों को सौगात देंगे जो एक विधायक और मंत्री का कर्तव्य बनता है। उन्होंने चौथा पैकेज पूर्ण कराने की बात की। कहा कि हरिहरगंज अंतर्गत दो बड़े चक डैम और एनएच 98 से सरसोत होते ढकचा तक जल्द ही सड़क निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद मेहता, उदय सिंह, अरविंद शर्मा, मनोज कुमार सिंह, मुरारी यादव, बलकेश यादव, लक्ष्मण यादव, अशोक कुमार मेहता, बबलू शर्मा आदि थे।



विश्वकर्मा नगर में सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास करते एनसीपी नेता।

## पुलिस ने सैकड़ो क्विंटल जावा महुआ-शराब को किया नष्ट



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस ने क्षेत्र के भांवर गांव स्थित पहाड़ी इलाके में अवैध निर्मित शराब के विरुद्ध छापामारी कर सैकड़ो किलोग्राम जावा महुआ और शराब नष्ट किया है। इस दौरान पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस उपनिरीक्षक विगेश कुमार राय, सहायक उप निरीक्षक संजय सिंह व अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने छापामारी कर भट्ठी को ध्वस्त किया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भांवर गांव स्थित पहाड़ी इलाके में भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण किया जा रहा है। इसी आधार पर छापामारी की गई। इस दौरान एक ही स्थान पर 15 प्लास्टिक ड्राम में महुआ और गुड़ गलाकर दो चूल्हे पर शराब बनाया जा रहा था। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गए।

## खेल से एकता व अनुशासन का होता है विकास : कर्नल संजय

### रानीदेवा बना क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता



विजेता टीम को ट्रॉफी देते कर्नल संजय सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड के कबरा कलां पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय के मैदान में नव युवक संघ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। एक महीने से चल रहे टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया है। फाइनल मैच रानी देवा बनाम पंचपोखरी के बीच खेला गया। जिसमें पंचपोखरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 136 रन बनाए। जबकि रानीदेवा ने 17 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के अलावा परता के मुखिया कमल कुमार कौशल, उप मुखिया प्रवेज आलम और समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि खेल से एकता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने विजेता, उपविजेता व कमेटी के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर समाजसेवी अवध नारायण सिंह, शिव नारायण सिंह, सुग्रीव प्रसाद, विश्वनाथ पाल, डॉ सुनेश पाल, राजेश राम, शालिग्राम चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, ललन राम, विशाल पटेल, उज्जवल, मोहित, अमरकांत, बजरंगी, हिमेश, रमेश, हिमेश, रोशन व निखिल आदि उपस्थित थे।

## नेपाल में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के खिलाड़ियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



बाल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अविनाश देव।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नेपाल के काठमांडू में आयोजित इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के बाल खिलाड़ियों ने अपने वेट-कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गुरुवार को संत मरियम छात्रावास परिसर में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कार्यक्रम आयोजित कर बाल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाया। बतातें चलें कि विजेता प्रतिभागियों में आनंद कुमार और शिव दयाल सिंह को गोल्ड, जबकि अयान सिद्दीकी, उज्वल राज और आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल के अलावा मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी के रवि नयन को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी आनंद कुमार को बेस्ट फाइटर का अवार्ड दिया गया। यह चैंपियनशिप नेपाल के शोतोकान कराटे डू-एसोसिएशन के तत्वावधान में बाल श्रीजानालय स्कूल जोरपटी काठमांडू में 22-23 फरवरी को आयोजित किया गया था। पूरी कराटे टीम मुख्य मार्शल आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में नेपाल गया था। अपने शानदार उपलब्धि के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार एवं बाल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह होनहार बच्चे देश के भविष्य हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर पलामू, झारखंड सहित देश का नाम रौशन करेगें। विद्यालय परिवार हमेशा से ऐसे प्रतिभावान बच्चों के साथ है और साथ रहेगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में जाति-आय प्रमाण पत्र के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे अभ्यर्थी



सीओ के आइडी में जाती-आय प्रमाण पत्र के लंबित हैं दो हजार आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अंचल में बीडीओ सह प्रभारी सीओ की लापरवाही के चलते हजारों छात्र-छात्राओं का जाती, आवासीय व आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जानकारी के अनुसार सीओ के आइडी में करीब दो हजार आवेदन लंबित है। छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप, नामांकन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व नियुक्तियों के फार्म भरने के लिए उन्हें आय, जाती व आवास प्रमाण पत्र की जरूरत है। लेकिन प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण छात्र-छात्राएं व अभ्यर्थी परेशान है। वैसे अभ्यर्थी प्रतिदिन अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस संबध में अभ्यर्थी लता प्रकाश रवि ने बताया कि 29 दिसंबर 2023 को उसने जाती प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है। लेकिन दो महीना बीत जाने के बाद भी जाती प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हुआ है। बार-बार कार्यालय आने के बाद भी कोई ठोस जबाब नहीं दिया जा रहा है। इस समस्या को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया' लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी ने संभाला पदभार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** महिला एवं बाल संरक्षण की महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। प्उन्होंने बताया कि वह रांची महिला थाना में कार्यरत थी। महिला उत्पीड़न के मामले में न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। महिला, नाबालिग, विधवा महिला के साथ गलत करने वालों पर कार्रवाई होगी। क्षेत्र में भयमुक्त व्यवस्था रहेगी। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।










आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 01 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



## गिरिडीह डीसी ने की मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

# बेहतर कार्य योजना बनायें और उसके अनुरूप काम करें अधिकारी : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने सभी बीडीओ, बीपीओ और रोजगार सेवक को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति देते हुए पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों को किस्त का भुगतान समय पर करने का निर्देश दिया। लगे हाथ सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय जिसका सभी योग्य लोगों को लाभ मिल सके। इसके अलावा डीसी ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। प्रत्येक पंचायतों में योजना का क्रियान्वयन करने को कहा, ताकि लेबर इंगेजमेंट को बढ़ाया जा सके। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अबतक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की। कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहना होगा। साथ ही वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत प्रखंडों में चल रहे कार्यों के अलावा पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों के बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। ऐसे में चयनित प्रखंडों में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को पूर्ण करें। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के बीडीओ, बीपीओ, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी नमन प्रियेश लकड़ा।

## सीआइएसएफ गश्ती वाहन का शीशा तोड़ा

**धनसार (आजाद सिपाही)।** चांदमारी ट्रांसपोर्टिंग मार्ग में हाइवा से कोयला उतारने से रोकने पर चोरों ने सीआइएसएफ के क्यूआरटी गश्ती वाहन पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया। घटना बुधवार की देर रात की है। इस बाबत क्यूआरटी गश्ती में तैनात एएसआई मोहित कुमार ने धनसार थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि बस्ताकोला कोलडंप से बीएनआर व बोरागढ़ साइडिंग के लिए चांदमारी मार्ग होते हुए हाइवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग की जाती है। इसी बीच चांदमारी पुराना सीआइएसएफ कैंप के समीप दर्जनों हल्दीपट्टी व श्रीराम नगर के कोयला चोर हाइवा पर चढ़कर कोयला उतारते है। इस कोयला को वाहन के माध्यम से अन्यत्र भेज दिया जाता है। बुधवार की रात जब क्यूआरटी गश्ती दल वहां पहुंच कोयला चोरी को रोकने का प्रयास किया तो चोरों ने गश्ती दल पर ही पथराव कर दिया। जिससे उनके वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना पाकर सीआइएसएफ के अन्य जवान भी वहां पहुंच गए। जिन्हें देखते ही वहां मौजूद सभी चोर भाग खड़े हुए। गौरतलब हो कि चार फरवरी की रात को भी ऐसी घटना घटी थी। जहां कोयला चोरी रोकने पर सीआइएसएफ पर पथराव कर दिया गया था। जिसमें सीआईएसएफ की महिला आरक्षी पूनम एक्का ने विकास साव, किरन खन्ना, मिथिलेश पासवान, राकेश रवानी, छोटू, छोटी रवानी, अनिल रवानी सहित अन्य के खिलाफ धनसार थाना में मामला दर्ज कराया था। सीआइएसएफ जवान व गश्ती दल पर बार-बार हमला हो रहा है। बावजूद इसके यहां हाइवा से कोयला चोरी बेधड़क जारी है।

## उत्पाद विभाग का अभियान जारी, 12 पेटी अवैध शराब जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक स्थित एक मकान में गुरुवार को आबकारी विभाग ने छापामारी कर वहां से 12 पेटी अवैध शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत एक लाख रुपये बतायी जा रही है। आबकारी विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि इस मकान में अवैध शराब का स्टाक रखा हुआ है। जिसे महंगी शराब की बोतलों में अन्य दर की शराब को भरकर बेचा जा रहा था। इसके बाद छापामारी की गई। छापामारी का नेतृत्व कर रहे एसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि होली को लेकर नकली व अवैध शराब निर्माण पर रोक लगाने का लक्ष्य है। नकली शराब को लेकर विभाग सतर्क है। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान धंधेबाज सत्येंद्र यादव मौके से फरार होने में कामयाब रहा। वह उक्त मकान का मालिक भी है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सरकारी शराब दुकान से ही शराब खरीदने की सलाह दी। सूत्रओं की मानें तो आबकारी विभाग ने इस छापामारी में धनसार पुलिस का सहयोग नहीं लिया।


छापामारी अभियान में जब्त अवैध शराब की पेटियों से भरा वाहन।

## चुनाव में बूथ लेवल एजेंट को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक, अभियान चलाने का लिया निर्णय



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** 2024 के चुनाव मे बूथ लेवल एजेट को लेकर कांग्रेसियों ने कुमारधुबी युनियन आफिस मे की बैठक। बात दे की कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशनुसार लोक सभा चुनाव की तैयारी मे बूथ लेवल एजेट आन लाइन करने को लेकर कांग्रेसियों ने अभियान चलाएंगे। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी,एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन एवं कांग्रेसियों को आन लाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा समय से पूर्व सभी बुथ पर बूथ लेवल एजेट को लेकर नियुक्ति का कार्य पुर्ण करने को कहा गया। मौके पर नेताओं में निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी,धर्म महतो, नकुल मोदी,लोकनाथ प्रसाद, सलाउद्दीन,एयाज अंसारी,नन्दलाल बाउरी,अब्दुल वाहिद,शम्भू सिंह, मो,मुस्ताक, सुरेन्द्र पासवान,मो, इसराइल,मो, फहीम, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री मोदी का धनबाद दौरा : डॉ उषा सिंह

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** हर बार मोदी, बार-बार मोदी जन जागरूकता मिशन की संस्थापक व मुख्य प्रचारक डॉ उषा सिंह ने गुरुवार को बेरमो स्थित अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद दौरा अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री के धनबाद की खबर से हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। हर किसी को विश्वास है कि इस बार झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन को जीत मिलेगी। यह हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने झारखंड विधानसभा में भी भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए गठनंबधन को वोट देकर पूर्ण बहुतम की सरकार सरकार बनाने में सहयोग की अपील की। ताकि मोदी जी की गारंटी के तहत झारखंड भी एक विकसित राज्य बन सके।



## प्रधानमंत्री की सभा को लेकर भाजपाइयों ने चिरकुंडा में चलाया जनसंपर्क अभियान

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बरवाअड्डा में शुक्रवार को होने वाली जनसभा में ज्यादा से ज्यादा लोग चिरकुंडा से ले जाने को लेकर गुरुवार को भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक व जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में चिरकुंडा के नदी धौड़ा, तालडंगा आवासीय कॉलोनी,बगानधौड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में लाभार्थियों के बीच बैठक व जनसंपर्क अभियान चलाकर कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, जिला मंत्री अनिल यादव, जेके सिंह, इरफान अहमद खान, पप्पू सिंह, जग्गनाथ सिंह, मून विलियम, मिथिलेश साव, दिनेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।




## बीएसएल के सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गयी विदाई

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट से फरवरी महीने में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को गुरुवार को मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सीआरएम-3) दीपक रॉय उपस्थित थे। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी। जबकि मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) दीपक रॉय ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

## अपील : झारखंड में शुरू हुआ भाजपा का सुझाव अभियान

# देश को आगे ले जाने में आमजन दें अपना महत्वपूर्ण सुझाव: विनय सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** सेक्टर 1 स्थित भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित देश के रूप में दुनिया के सामने आए। भारत के सभी व्यक्ति के पास अपना सबकुछ हो और विपक्षी जो एक खंडित भारत देखना चाहते हैं उसे मुंहतोड़ जवाब मिले। इसके लिए आज से ही पूरे झारखंड से एक सुझाव अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। देश के प्रत्येक व्यक्ति इसमें अपना सुझाव दे सकते है कि किस तरह से देश आगे बढ़े। हो सकता है कि यह सुझाव करोड़ों में हो या फिर कुछ एक जैसे ही हो। आप अपना सुझाव 9090902024 नंबर पर कॉल करके दे सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को धनबाद आ रहें हैं, जहां कई योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे और जनता एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित भी करेंगे। निश्चित रूप से मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पहले सिर्फ दिल्ली एम्स और मुश्किल से चार अस्पतालों के जिम्मे चिकित्सा व्यवस्था थी। जबकि वर्तमान में एम्स की कई शाखाएं हैं। आज गरीब व्यक्ति भी पांच लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करा सकता है। माताएं अब गैस सिलेंडर चूल्हे पर खाना बनाती हैं। युवाओं को नौकरी के साथ ही हुनरमंद बनाया जा रहा है, ताकि आत्मनिर्भर बनकर देश को मजबूत कर सके। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि बोकारो जिला से हजारों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री को सुनने जायेंगे। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय कुमार सिंह, महामंत्री संजय त्यागी, वीरभद्र प्रसाद सिंह, राकेश कुमार मधु, शंकर रजक बनमाली दत्ता, इंद्र कुमार झा, विनय आनंद नीरज आदि उपस्थित थे।



पत्रकारों से बातें करते प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता विनय कुमार सिंह व अन्य।


### समेकित जनजाति विकास अभिकरण (ITDA), सिमडेगा

**प्रवेशिकोत्तर पाठयकमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना :–**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र–2023–24 में झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार से तिथि विस्तारित की जाती है:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कारवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 29.02.2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु छात्र–छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि | 05.03.2024 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 15.03.2024 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Webite- ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, सिमडेगा

PR 320803 Simdega (23-24)_D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RE-RDSPL/SD/HZB/34/2023-24 (2nd call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /34/02/2023-24 | बड़कागांव | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कदमटोला किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /34/18/2023-24 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य विद्यालय अडरा किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /34/19/2023-24 | कटकमसांडी | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नवादा किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 320820 Rural Development(23-24).D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 61/2023–24**
**दिनांक 27/02/2024**

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरही | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोल्हुआकला का उन्नयन कार्य। | 17031300.00 | 10000.00 | 341000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 02.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 03.03.24 से 10.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.03.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.320786 District(23-24):D

### कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
### झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ...................... .दिनांक ..............................

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा (Time Line) निर्धारित की जाती है :–

विभागीय अधिसूचना 2005, दिनांक– 05 .04.2016 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेंडिंग समिति के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित है एवं शेष 18 सदस्यों को मनोनित किया जायेगा जो नियमावली में वर्णित अवधि तक कार्यरत होंगे। वर्णित विधिवत्त चयन प्रक्रिया हेतु श्रेणी निम्नवार होगी–

1. सब्जी विक्रेता
2. फल विक्रेता
3. मांस/मछली/मुर्गा विक्रेता
4. कपड़ा विक्रेता
5. ठेला (चार्ट/पापड़ी/चाय/समोसा/चाउमीन/अन्य) विक्रेता।
6. चुडी/जुता–चप्पल विक्रेता।

समय रेखा Time Line :

| क्र0सं0 | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि – 05.02.2024 |
|---|---|---|---|
| 1 | टाउन वेंडिंग समिति के कुल निर्धारित 30 में से 12 सदस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषणा जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित हो। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पट्ट में प्रदर्शित करते हुए (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–2) | 01.03.2024 |
| 2 | क्षेत्रीय स्ट्रीट वेंडरों की सूची का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिंग समिति वा स्थानीय प्राधिकरण जैसी स्थिति हो उसे सौपाना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ हो। | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–4) | 02.03.2024 |
| 3 | क्षेत्रीय स्ट्रीट वेंडरों की सूची को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करना। | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–4) | 02.03.2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अंतिम तिथि) | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–3 घ) | 02.03.2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–8) | 09.03.2024 |
| 6 | अंतिम रूप से जाँच किये गये वैध नामांकित पत्रों का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–8ए उपकंडिका–10) | 15.03.2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने का समय | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–10) | 21.03.2024 |
| 8 | अंतिम सूची का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–10) | 02.04.2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूची आरक्षण रोस्टर अनुरूप 12 सदस्यों के रहने पर निर्विरोध की घोषणा | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–21) | 03.04.2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–3 घ) | 03.04.2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 04.04.2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 04.04.2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 05.04.2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 05.04.2024 |

उक्त प्रक्रिया में नोमिनेशन हेतु महिलाओं की चयन हेतु 15 प्रतिशत आरक्षित है। अन्य ST,SC,OBC&Gen हेतु शीट निर्धारित है। अतः विज्ञप्ति प्रसारित होने के उपरांत 07 दिनों के अंदर नगर परिषद झुमरी तिलैया कार्यालय में नोमिनेशन कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् नोमिनेशन की प्रक्रिया स्वीकार नहीं होगी।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.320904 Urban Development(23-24):D

## न्यूज रील्स

### पीएम 5 को फिर ओडिशा आयेंगे



भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 मार्च को दोबारा ओडिशा आ रहे हैं। और उनका चंडीखोल में एक सार्वजनिक बैठक करने और कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। हालांकि, प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी लता उसेंडी ने मीडिया को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री के दौरे का कार्यक्रम अभी तैयार नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री इससे पहले 3 फरवरी को ओडिशा गये थे। संबलपुर की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने 68,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

### तीसरी तिमाही में जीडीपी 8.4% रही

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। जीडीपी के ताजा आंकड़े विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर दिया गया है और इसे क्रमशः 8.2 प्रतिशत (7.8 प्रतिशत के बदले) और 8.1 प्रतिशत (7.6 प्रतिशत के बदले) कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024 के लिए जीडीपी के अनुमान को भी 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत तक संशोधित कर दिया गया है।

# राष्ट्रपति ने रायरंगपुर में हॉलिडे होम और खेल परिसर की आधारशिला रखी

- वर्चुअल माध्यम से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया और बरसही स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 28 फरवरी को ओडिशा के रायरंगपुर में केंद्र सरकार के हॉलिडे होम और खेल परिसर का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया और बरसही स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया।




इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास और जनजातीय भाइयों-बहनों की प्रगति को प्राथमिकता दे रही है। इसके अलावा जनजाति बहुल क्षेत्रों में बिजली और सड़कों के विस्तार पर जोर देने के साथ ही जनजातीय परिवारों तक नल से पेयजल पहुंचाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि सिकल सेल एनीमिया को समाप्त करने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया गया है, जिससे जनजातीय समुदाय की पीढ़ियां पीड़ित हैं। उन्होंने लोगों से अपने कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक होने और उनके लाभार्थी बनने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास के बिना विकास संभव नहीं है।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए सरकार जनजातीय छात्रों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यालय स्थापित कर रही है, लेकिन बच्चों को विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी अभिभावकों की ही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सशक्त समाज के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी है। इसे देखते हुए सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। हालांकि, सभी के सहयोग और भागीदारी से ही सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ लाभार्थियों तक पहुंच पायेगा। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि आज शुरू की गयी सड़क परियोजनायें सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेंगी। वहीं, खेल परिसर के निर्माण से युवाओं को खेलने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने आगे कहा कि हॉलिडे होम के निर्माण के बाद लोग रायरंगपुर आने के लिए प्रेरित होंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने श्रीजगन्नाथ मंदिर की निगरानी के लिए समिति बनायी

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अरिजीत पशायत अध्यक्ष, प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमाकांत पंडा उपाध्यक्ष रहेंगे



**भुवनेश्वर।** श्रीजगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार के संबंध में ओडिशा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत पशायत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति रत्न भंडार में महाप्रभु के रत्नों और विभिन्न बहुमूल्य वस्तुओं की सूची की तैयारी की निगरानी करेगी। समिति में अध्यक्ष सहित 12 सदस्य हैं। इस कमिटी के अन्य सदस्य रहे- प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रमाकांत पंडा उपाध्यक्ष, डॉ विधुभूषण सामल इलाहाबाद बैंक के पूर्व सीएमडी, एके साबत चार्टर्ड अकाउंटेंट, पुरी गजपति महाराजा के प्रतिनिधि और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिव्यसिंह देव, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रतिनिधि दुर्गाप्रसाद दास महापात्र, माधव चंद्र महापात्र, जगन्नाथ कर, गणेश मेकाप, भंडार मेकाप सहायक और पुरी जिलापल और उप प्रशासक श्रीजगन्नाथ मंदिर श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे।

# आइआइटी भुवनेश्वर में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

नवीन रसायन विज्ञान और विज्ञान-आधारित समाधान विकास और स्थिरता की कुंजी हैं : डॉ. रामानुज नारायण

विकास और संवहनीयता के लिए नवोन्मेषी रसायन विज्ञान तथा विज्ञान-आधारित समाधान पर हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी द्वारा रमन इफेक्ट के आविष्कार की स्मृति में 28 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया।



इस अवसर पर प्रतिष्ठित वैज्ञानिक तथा खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक और वैज्ञानिक और नवीन अनुसंधान अकादमी (एसीएस आईआर) के उत्कृष्ट प्रोफेसर डॉ. रामानुज नारायण ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की और सतत प्रौद्योगिकियों के लिए सरल और नवीन रसायन विज्ञान शीर्षक पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

इस उपलक्ष्य पर वर्तमान वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर बात करते हुए डॉ. रामानुज नारायण ने सी. वी. रमन के जीवन से मिली प्रमुख सीखों का सारांश देते हुए शुरूआत की। उन्होंने विश्वास, वैश्विक चुनौतियों से निपटने और सभी के लिए उन्नत भविष्य के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने स्थिरता प्राप्त करने के लिए कच्चे माल के उपयोग में मितव्ययिता, ऊर्जा के न्यूनतम उपयोग और परिवेशीय परिस्थितियों में रीसाइक्लिंग प्रक्रिया पर जोर दिया। इस इसी संदर्भ को स्पष्ट करते हुए, उन्होंने उन्नत, स्मार्ट और लंबे समय तक चलने वाले पेंट, कोटिंग्स और पॉलिमर के विकास के महत्व को विस्तार से बताया जो सुरक्षात्मक गुण प्रदान करने के साथ-साथ कार्यात्मक और पूर्वानुमानित तरीके से पर्यावरण के प्रति सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करने में सक्षम हैं। प्राचीन भारत की उन्नतशील संरचनाओं के उदाहरणों के साथ, उन्होंने उल्लेख किया कि नवीन रसायन विज्ञान और विज्ञान-आधारित समाधान विकास और स्थिरता की कुंजी हैं। उन्होंने रसायन विज्ञान के इस क्षेत्र में चल रहे विभिन्न अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का हवाला देते हुए स्टार्ट-अप और भविष्य के उद्यमियों के लिए मूल्यवान संबंधी कुछ प्रत्यक्ष उदाहरण भी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में, आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर ने मुख्य अतिथि की मूल बातों का सारांश प्रस्तुत किया और कहा इसमें यहां मौजूद सभी दर्शकों तथा सभी वर्गों के लिए कुछ उपयोगी बातें थीं। उन्होंने रसायन विज्ञान और धातु विज्ञान जैसे विज्ञान के कुछ कम मांग वाले क्षेत्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी आशंकाओं को दूर करने के लिए डॉ. नारायण की सराहना की। उन्होंने अनुसंधान और प्रयोग-उन्मुख मानसिकता के विकास के लिए किये जा रहे अभिनव प्रयास के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में, प्रोफेसर चंद्रशेखर नारायण भेंडे, डीन- पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च प्रोग्राम्स, आईआईटी भुवनेश्वर ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य अतिथि का परिचय दिया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, छात्रों और निवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# सम्मम में अफ्रीकी मरीज की सफल एंडोस्कोपिक सर्जरी हुई

कैमरून के सुप्रीम कोर्ट के 80 वर्षीय पूर्व न्यायाधीश जोसेफ यूम्सी गंभीर सिरदर्द और नाक की रुकावट से पीड़ित थे, साइनस रोग के लक्षण थे जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर के सर्जनों ने एंडोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से एक 80 वर्षीय अफ्रीकी व्यक्ति का सफलतापूर्वक इलाज किया है। कैमरून के सुप्रीम कोर्ट के 80 वर्षीय पूर्व न्यायाधीश जोसेफ यूम्सी गंभीर सिरदर्द और नाक की रुकावट से पीड़ित थे, साइनस रोग के लक्षण थे जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी।



इमेजिंग के माध्यम से बीमारी का आगे निदान किया गया और ईएनटी और स्कल बेस सर्जरी के प्रमुख डॉ. राधामाधब साहू द्वारा एक एंडोस्कोपिक नाक की सर्जरी की गयी। रोगी ठीक होने के बाद बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गयी थी। डॉ. साहू ने कहा कि नाक में रुकावट, निगलने में कठिनाई, सांस लेने में कठिनाई, सोने में कठिनाई, नहाने और सांस लेने में कठिनाई के कारण अस्पताल आये थे। डॉ. साहू ने इसे नियमित रूप से की जाने वाली प्रक्रिया बताते हुए कहा कि अफ्रीकी न्यायाधीश की अधिक उम्र को देखते हुए इसे सावधानी से किया गया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न देशों से कई अंतरराष्ट्रीय मरीज और एनआरआई उपचार के लिए सम्मम में उनके विभाग में आए हैं, उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शल्य चिकित्सा परिणाम, कम लागत और नवीनतम चिकित्सा प्रौद्योगिकी की उपलब्धता विदेशी रोगियों को अस्पताल की ओर आकर्षित कर रही है।

# 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर ने हमारे राष्ट्र की वैज्ञानिक उपलब्धियों और आकांक्षाओं को श्रद्धांजलि देते हुए, 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' की विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास से मनाया। आईओपी अपने स्वर्ण जयंती समारोह के कारण यह वर्ष असाधारण महत्व रखता है। महत्वपूर्ण लक्ष्य को ध्यान में देते हुए, आईओपी, सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों के लिए एक बेजोड़ अनुभव सुनिश्चित करते हुए, एनएसडी-2024 कार्यक्रम को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध था। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य विज्ञान के स्तर को ऊपर उठाना, वैज्ञानिक भावना को प्रज्वलित करना और हमारे देश के लोगों के बीच ज्ञान के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना था। समारोह के हिस्से के रूप में, आईओपी ने 28 फरवरी को अपने परिसर में एक 'ओपनडे' कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में विविध प्रकार की आकर्षक गतिविधियां प्रदर्शित की गयी, जिनमें लाइव प्रदर्शन प्रयोग, प्रयोगशाला दौरे और वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुतियां शामिल थीं। छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम जनता को दिनभर की गतिविधियों में शामिल होने और विज्ञान के मनोरम दृश्य उपभोग के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. करुणाकर नंद, निदेशक, भैतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने किया और इस कार्यक्रम में सच्चिंद्र नाथ षडंगी, रजिस्ट्रार और प्रो. पीके साहु अध्यक्ष, एनएसडी-2024 भी उपस्थित थे। लगभग1000 छात्रों और शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया, सक्रिय रूप से कई गतिविधियों में भाग लिया और वास्तव में पुरस्कृत अनुभव से समृद्ध होकर मुस्कुराहट के साथ प्रस्थान किया।






## बीजेपी में शामिल हुए प्रशांत जगदेव, कहा : मैं बीजेपी में शामिल होकर खुश हूं

# भारत और ओडिशा के विकास के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का शासन जरूरी: प्रशांत जगदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। ओडिशा की जनता का भरोसा मोदी सरकार और मोदी गारंटी पर बढ़ रहा है। आज के मिश्रण पर्व से पार्टी का संगठन और मजबूत होगा। चिलिका विधायक प्रशांत जगदेव और उनके समर्थक के साथ भाजपा में शामिल हुए। प्रशांत को भुवनेश्वर के सांसद अपराजिता षड़ंगी, भाजपा सह-प्रभारी लता उसेंडी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति की उपस्थिति में बीजेपी में सामिल हुए। प्रशांत ने कहा कि वह बीजेपी में शामिल होकर बेहद खुश हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का विश्वास खो रहे हैं। बीजेडी नेता अब बीजेपी में सामिल हो रहे हैं। लोग मोदी जी का हाथ मजबूत करने के लिए आगे आ रहे हैं और बीजेपी से जुड़ रहे हैं, बीजेपी में शामिल होने के बाद प्रशांत ने कहा, "जब मैं बीजेडी में था तो मैं प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करता था। हालाांकि मैं इसे बाहर से नहीं कह सकता था, लेकिन मुझे लगा कि भारत को ऐसे प्रधान मंत्री की जरूरत है। मोदी की कार्यशैली ने मुझे प्रभावित किया है। मैं एक सैनिक के रूप में काम करने का अवसर पाकर खुश हूं। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है।



**Ph.D. Awarded**



**Prabha Kiran Toppo** (Assistant Professor, UWTTC, Lohardaga) has been awarded the degree of Doctorate of Philosophy in the School of Educational Training & Research at Aryabhatta Knowledge University, Patna, Bihar. She has completed her Ph.D. Research work entitled IMPACT OF SOCIAL SKILLS AND LEARNING STYLES ON PROBLEM SOLVING SKILLS OF HIGHER SECONDARY SCHOOL STUDENTS under the supervision of *Prof. (Dr.) Ignatius Topno S.J., Principal, St. Xavier's College of Education (Autonomous), Digha Ghat, Patna, Bihar-800011.*




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**